तापमान
अधिकतम 31.2 डिग्री
न्यूनतम 25.6 डिग्री

हरिभूमि
# महासमुंद भूमि
रायपुर, गुरुवार 30 अक्टूबर 2025

सरायपाली | बसना | पिथौरा | बागबाहरा | तुमगांव | खरियार रोड

14 एग्री-स्टैक पंजीयन नहीं होने से किसान परेशान ...



14 सोहागपुर में सीसी रोड निर्माण कार्य का किया ...



## खबर संक्षेप

### ट्रैक्टर की टक्कर से एक घायल

**महासमुंद।** ग्राम बड़ेसाजापाली में ट्रैक्टर की टक्कर से एक व्यक्ति घायल हो गया। मामले की रिपोर्ट पर बसना थाने में आरोपी वाहन चालक के विरूद्ध जुर्म दर्ज कर विवेचना में लिया गया है। पुलिस को लखनलाल जांगड़े निवासी ग्राम छातापठार ने बताया कि 23 अक्टूबर को उसका भाई जयराम जांगडे पिता गनपत जांगड़े अपने मोटर सायकल होंडा शाइन क्रमांक सीजी 11 बीबी 1230 से लगभग 11 बजे ग्राम छातापठार से बड़ेसाजापाली के बाजार पडाव की ओर जा रहा था। बड़े साजापाली के पुराने पंचायत भवन के आगे मेन रोड पर पहुंचने पर सामने आ से रहे स्वराज ट्रैक्टर वाहन क्र. सीजी 06 जीआर 2435 के चालक द्वारा अपने वाहन को तेज व लापरवाही पूर्वक खतरनाक ढंग से चलाकर उसके भाई के मोटर सायकल को ठोकर मारकर एक्सीडेंट कर दिया। एक्सीडेंट से उसके भाई के दाएं आंख के ऊपर, सिर के बीच भाग में एवं कपाल तथा गाल में चोट लगी है। मामले की रिपोर्ट पर आरोपी वाहन चालक के विरूद्ध धारा 281,125 (ए) बीएनएस के तहत जुर्म दर्ज कर विवेचना में लिया गया है।



### गाय को बेचने को लेकर विवाद, भाइयों में मारपीट

**महासमुंद।** ग्राम पिलवापाली में गाय को बेचने को लेकर शुरू हुए विवाद में भाइयों के बीच मारपीट होने का मामला सामने आया है। घटना की अलग-अलग रिपोर्ट पर बसना थाने में मामला दर्ज कर विवेचना में लिया गया है। पुलिस को प्रार्थी परीक्षित खुंटे पिलवापाली ने बताया कि 28 अक्टूबर के रात्रि करीबन 8 बजे अपने घर के सामने खडा था। तभी उसके बड़े भैया डालिम खुंटे ने गाय को बेच दिये हो कहकर गाली गलौज करते हुए मारपीट की। जब उसकी पत्नी नीलबाई खुंटे तथा बेटी ऋतु खुंटे झगड़ा को छुडाने आये, तब उनके साथ भी मारपीट की गई। वहीं दूसरी ओर प्रार्थी डालिम खुंटे ग्राम पिलवापाली ने पुलिस को बताया कि 28 अक्टूबर की रात्रि करीबन 8 बजे गढ़फुलझर से काम करके घर आया था, तभी छोटे भाई परीक्षित खुंटे से पूछा कि गाय को क्यों बेच दिये हो। उसके ऐसा कहने पर परीक्षित ने कहा कि अपना गाय को बेच दिया हूं तुमको उससे क्या मतलब है बोलते हुए गाली गलौज कर लकड़ी के डंडा से मारपीट किया। दोनों ही मामलों में आरोपियों के खिलाफ धारा 115(2), 296 बीएनएस के तहत अपराध दर्ज कर विवेचना में लिया गया है।

### उधार की रकम को लेकर मारपीट

**महासमुंद।** ग्राम गोंगल में उधार की रकम को लेकर एक व्यक्ति के साथ मारपीट के मामले में आरोपियों के विरूद्ध पटेवा थाने में जुर्म दर्ज किया गया है। पुलिस को तुलाराम धृतलहरे ने बताया कि 23 अक्टूबर की रात करीबन 8 बजे घरेलू सामान खरीदने दुकान जा रहा था। दुग्ध सोसायटी के सामने गांव के राजेश घृतलहरे ने 1000 रुपए कब वापस करोगे कहते हुए गाली देते हुए मारपीट कर दी। उसी समय विक्की घृतलहरे, कृष्णा घृतलहरे, हेमसिंग घृतलहरे आये और सभी एक राय होकर राजेश से क्यों लड़ाई झगड़ा कर रहे हो कहते मारपीट किया। इस दौरान बीच बचाव करने आई प्रार्थी की पत्नी तेजबाई घृतलहरे, बेटी पवित्रा घृतलहरे के साथ भी मारपीट कर जान से मारने की धमकी दी गई। मामले की रिपोर्ट पर आरोपियों के विरूद्ध धारा 115(2), 296, 3(5), 351(2) बीएनएस के तहत जुर्म दर्ज कर विवेचना में लिया गया है।

# जोबाकला में पालकों ने स्कूल में जड़ा ताला, टेंट लगाकर किया प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| झलप

विकासखंड के अंतिम छोर पर बसे ग्राम जोबाकला में बच्चों की शिक्षा अब जानलेवा खतरे के बीच चल रही है। शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला जोबाकला का भवन इस कदर जर्जर हो चुका है कि दीवारों और छज्जों से रोज़ प्लास्टर झड़ रहा है, छत जगह-जगह से टूट चुकी है और मलबा रोज़ जमीन पर गिरता है। बच्चों के सिर पर खतरा मंडराता है, फिर भी पढ़ाई जारी है।

29 अक्टूबर की सुबह जब बच्चे स्कूल पहुंचे। इसी दौरान कक्षा सातवीं के छात्र लक्ष्मण दीवान के सर पर छत की प्लास्टर गिर गया, जिससे पालकगण एवं ग्रामीणों ने स्कूल के मुख्य द्वार पर ताला जड़ दिया और बाहर टेंट लगाकर बच्चों के साथ धरने पर बैठ गए। महिलाएं, पुरुष और बच्चे बड़ी संख्या में बैठे रहे। तालाबंदी की खबर मिलते ही विकासखंड शिक्षा अधिकारी लीलाधर सिन्हा देर से मौके पर पहुंचे। उन्होंने कहा, शासन को प्रस्ताव भेजा गया है, अभी तक स्वीकृति नहीं आई। इधर, ग्रामीणों ने स्पष्ट कहा है कि आज तालाबंदी की गई है, कल से उग्र आंदोलन होगा।

## जर्जर स्कूल में खतरे के साए तले शिक्षा, आज से उग्र आंदोलन की दी चेतावनी

### कब गिरेगा छज्जा, बच्चों को रोज़ यह डर

शाला की हालत ऐसी है कि किसी भी वक्त बड़ा हादसा हो सकता है। पालक रोज बच्चों को भेजते हैं, लेकिन मन में भय बना रहता है। एक ग्रामीण ने कहा कि, "हमारे बच्चे जान जोखिम में डालकर पढ़ रहे हैं, क्या शासन को हादसे का इंतजार है?" बता दें कि शिक्षक और ग्रामीण पिछले दो वर्षों से लगातार आवेदन दे रहे हैं। विभागीय मंत्री, सांसद, विधायक, कलेक्टर, जिला शिक्षा अधिकारी और विकासखंड शिक्षा अधिकारी सभी तक गुहार पहुंच चुकी है। कई बार अधिकारी मौके का निरीक्षण कर लौट गए, लेकिन न तो मरम्मत हुई और न ही नया भवन स्वीकृत हुआ।



### ग्रामीणों की चार सूत्रीय मांग

जर्जर भवन को तत्काल बंद घोषित किया जाए, बच्चों के लिए वैकल्पिक सुरक्षित भवन या कमरा उपलब्ध कराया जाए, नया भवन निर्माण का प्रस्ताव तुरंत स्वीकृत किया जाए, अतिरिक्त शिक्षक की तत्काल नियुक्ति हो। ग्रामीणों का कहना है कि अगर शासन नहीं जागा तो यह आंदोलन उग्र होगा। सरपंच ऋतु दीवान, जनपद सदस्य नरतोरा सुषमा राकेश टंडन, सरपंच प्रतिनिधि गेंद राम दीवान, जनपद प्रतिनिधि राकेश टंडन, शाला विकास समिति के अध्यक्ष सोमप्रकाश नायक एवं अन्य ग्रामीण उपस्थित रहे।

### स्टाफ की भी भारी कमी

शाला में कक्षा 1 से 8 तक कुल 109 विद्यार्थी हैं। प्राथमिक में 67 बच्चों के लिए 2 और पूर्व माध्यमिक विभाग में 42 बच्चों के लिए तीन शिक्षक पदस्थ, पर इनमें से एक समन्वयक के रूप में कार्यरत है, जो अक्सर विभागीय कार्यों से शाला से बाहर रहते हैं। यानि वास्तविक रूप से केवल दो शिक्षक ही पूरी शाला संभाल रहे हैं।

## कार्रवाई : तुमगांव, मालीडीह व पिरदा के ग्रामीणों ने दिखाई जागरुकता

# ग्रामीणों ने रोकी मुरूम से भरी 4 गाड़ियां, अवैध लोडिंग पर हुई कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

- ग्रामीणों ने जिला खनिज अधिकारी को सौंपा ज्ञापन

नगर पंचायत तुमगांव एवं उसके पास के गांव मालीडीह और पिरदा के निवासियों ने एकजुट होकर मुरूम के अवैध परिवहन पर गंभीर सवाल उठाते हुए, खनिज अधिकारी शाखा में शिकायत दर्ज कराई। ग्रामीणों ने पिरदा में चार वाहनों सीजी 22 एक्स 6908, सीजी 04 पीआर 2834, सीजी 04 पीआर 2838, सीजी 22 एडी 7773 को रोककर उनमें भरे मुरूम की मात्रा और रॉयल्टी को लेकर आपत्ति जताई। नगर पंचायत तुमगांव के अध्यक्ष बलरामकांत साहू, संजय पटेल, दिलीप, कमलेश एवं ग्रामीणों के अनुसार, उन्होंने जब इन वाहनों को रोककर पूछा कि इनमें क्या भरा है, तो चालकों ने उनके साथ अभद्र भाषा का इस्तेमाल किया। बस्ती वालों के एकत्रित होने पर चालकों ने बताया कि ट्रकों में मुरूम भरा है, जिसके लिए 12 घन मीटर की रॉयल्टी है।







### रॉयल्टी से अधिक उत्खनन और परिवहन

ग्रामीणों का आरोप है कि वाहनों में भरी मुरूम की मात्रा रॉयल्टी की मात्रा से कहीं अधिक है। उनकी आशंका है कि लगभग 40 घन मीटर मुरूम की लोडिंग की गई है, जो स्पष्ट रूप से अवैध उत्खनन और ओवरलोडिंग की ओर इशारा करता है। जिले में पहले भी सड़क निर्माण और अन्य कार्यों की आड़ में अवैध मुरूम उत्खनन की खबरें सामने आती रही हैं।

### ग्रामीणों की मांग और कार्रवाई की गुहार

ग्रामीणों ने शिकायत में, खनिज अधिकारी से तत्काल कार्रवाई करने का निवेदन किया है। ग्रामीणों ने मांग कि है कि ट्रकों में वास्तविक रूप से कितना मुरूम भरा है, इसकी माप की जाए। अवैध मात्रा पाए जाने पर संबंधितों पर कड़ी और उचित कार्रवाई की जाए। गाड़ियों में भरे मुरूम के वजन की जांच के लिए आरटीओ अधिकारी को बुलाकर संयुक्त कार्रवाई की जाए, ताकि ओवरलोडिंग के पहलू की भी जांच हो सके।

### मुरूम का क्षमता से अधिक मात्रा में परिवहन पर कार्रवाई, 4 हाइवा वाहन जब्त

**महासमुंद।** अवैध खनिज उत्खनन, परिवहन एवं भंडारण पर रोक लगाने के लिए जारी कार्रवाई के क्रम में संयुक्त टीम द्वारा महासमुंद विकासखंड अंतर्गत ग्राम मालीडीह में खनिज मुरूम का क्षमता से अधिक मात्रा में परिवहन करते पाए जाने पर चार हाइवा वाहनों जप्त किया गया और वाहनों को जब्त कर सुरक्षार्थ तुमगांव थाना में रखा गया। खनिज अधिकारी योगेन्द्र सिंह ने बताया कि कलेक्टर विनय कुमार लंगेह के निर्देशन में उक्त वाहनों पर खान एवं खनिज (विकास एवं विनियमन) अधिनियम 1957 की धारा 21 के अंतर्गत कठोर दंडात्मक कार्यवाही की जाएगी।

# राज्योत्सव समारोह में मुख्य अतिथि होंगी रूपकुमारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद



राज्य स्थापना दिवस 2025 के अवसर पर प्रदेश के सभी जिला मुख्यालयों में राज्योत्सव कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। इस अवसर पर राज्य शासन द्वारा प्रत्येक जिले के लिए मुख्य अतिथियों के नामों की घोषणा की गई है। शासन से जारी आदेश के अनुसार महासमुंद जिले में आयोजित राज्योत्सव कार्यक्रम में सांसद रूपकुमारी चौधरी मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होंगी।

राज्योत्सव 2025 के कार्यक्रमों में जिले की समृद्ध संस्कृति, परंपरा और विकास यात्रा को प्रदर्शित किया जाएगा। आयोजन स्थल पर सांस्कृतिक कार्यक्रम, लोकनृत्य, स्थानीय उत्पादों की झांकी एवं विभिन्न विकासपरक योजनाओं से संबंधित विभागीय स्टॉल लगाए जाएंगे। कार्यक्रम को जनभागीदारी और पारंपरिक गौरव के साथ गरिमामय ढंग से आयोजित करने के निर्देश दिए गए हैं ताकि छत्तीसगढ़ की संस्कृति, विकास और एकता का संदेश पूरे राज्य में प्रसारित हो सके।

### बाइक से गांजा परिवहन, तीन लोग गिरफ्तार

**महासमुंद।** बाइक से गांजा का अवैध परिवहन करने वाले तीन लोगों को सिंघोड़ा पुलिस ने गिरफ्तार किया है। आरोपियों के कब्जे से 60 हजार रुपए का 4 किलो गांजा बरामद किया गया है। मिली जानकारी के अनुसार मुखबिर से सूचना मिली कि एक मोटर सायकल में तीन व्यक्ति ओडिशा की ओर से अवैध मादक पदार्थ गांजा लेकर छत्तीसगढ की ओर आ रहे हैं। इसके बाद एनएच 53 रोड ग्राम रेहटीखोल के पास जाकर नाकाबंदी की गई। जहां कुछ समय बाद एक मोटर सायकल क्रमांक सीजी 25 एम 6636 में तीन व्यक्ति आए। जिन्हें रोककर पूछताछ करने पर मोटर सायकल चालक ने अपना नाम अनिकेत सिंह पिता हेमंत सिंह (22 साल) वार्ड क्रमांक 16 खेतराजपुर थाना खेतराजपुर जिला संबलपुर ओडिशा, बीच में बैठे व्यक्ति अपना नाम आलोक कतलाम पिता रमेश कतलाम (35 साल) वार्ड क्रमांक 63 रिसाली सेक्टर भिलाई थाना नेवई जिला दुर्ग छग तथा पीछे बैठे व्यक्ति अपना नाम हरीश कुमार साहू पिता अनिरूद्ध साहू (32 साल) वार्ड क्रमांक 15 बीआरपी चौक मौहारी मरोदा थाना मेवई जिला दुर्ग छग का निवासी होना बताए। साथ ही आरोपियों ने बैग के अंदर अवैध मादक पदार्थ गांजा होना बताया पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से चार किलो मादक पदार्थ गांजा कीमत 60000 रुपए, बाइक हीरो स्प्लेंडर प्लस कीमत 70000 रुपए, मोबाइल जब्त किए हैं। मामले में आरोपियों के विरूद्ध धारा 20(ख) नारकोटिक्स एक्ट के अंतर्गत कार्रवाई की गई।

# मुनगासेर में कथित गौमांस परोसने के मामले ने हिंदूवादी संगठन ने की न्यायसंगत कार्रवाई करने की मांग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बागबाहरा

जिले के बागबाहरा ब्लॉक के अंतर्गत आने वाले



मुनगासेर गांव में कथित रूप से गौहत्या और दावत में गौमांस परोसे जाने की बात को लेकर विवाद गहराता जा रहा है। इस मामले में बुधवार को बागबाहरा रेस्ट हाउस में ग्रामीणों सहित विभिन्न हिंदू संगठनों ने प्रेस वार्ता कर पुलिस प्रशासन पर लापरवाही और पक्षपातपूर्ण रवैये का आरोप लगाया।

ग्रामीणों ने बताया कि 22 अक्टूबर 2025 को गोवर्धन पूजा के दिन, सुबह मॉर्निंग वॉक के दौरान कुछ बच्चों ने सड़क किनारे कथित रूप से गौवंश के अवशेष देखने की बात कही। इसकी सूचना ग्रामीणों ने स्थानीय जनप्रतिनिधियों को दी और बाद में थाना बागबाहरा में रिपोर्ट दर्ज कराई गई।

ग्रामीणों का आरोप है कि जांच टीम द्वारा मौके पर फॉरेंसिक और वेटरनरी परीक्षण तो किया गया, लेकिन किसी भी प्रकार का सैंपल नहीं लिया गया और घटना को हल्के में लिया गया। उनका कहना है कि मुख्य संदिग्धों से पूछताछ नहीं की गई और सीसीटीवी फुटेज के संबंध में भी कोई जानकारी नहीं दी गई। प्रेस वार्ता में उपस्थित लोगों ने कहा कि वे 31 अक्टूबर को बागबाहरा स्थित दुर्गा मंदिर के पास धरना प्रदर्शन करेंगे। उनकी प्रमुख मांग है कि गोवंश हत्या प्रकरण की निष्पक्ष जांच हो, दोषियों पर सख्त कार्रवाई की जाए और जांच प्रक्रिया में पारदर्शिता लाई जाए। इस प्रेस वार्ता में विश्व हिंदू परिषद, बजरंग दल, आरएसएस, गायत्री परिवार और क्षेत्र के कई गांवों के प्रतिनिधि मौजूद रहे। ग्रामीणों ने प्रशासन से शांति और कानून व्यवस्था बनाए रखने के साथ न्यायसंगत कार्रवाई की अपील की है।

# निविदा निरस्त किए जाने के निर्देश संबंधी आदेश सार्वजनिक नहीं

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बसना

- महज दिखावे की कार्रवाई से पनप रहा आक्रोश

मुख्यमंत्री की घोषणा के तहत ग्राम गढ़फुलझर में सर्व समाज के लिए स्वीकृत मंगल भवन निर्माण कार्य में अनियमितताओं का मामला सामने आने के बाद कलेक्टर द्वारा निविदा निरस्त किए जाने का आदेश दिया गया था। दरअसल, 43.65 लाख की लागत से प्रस्तावित इस भवन की निविदा प्रक्रिया अपने चहेतों को उपकृत करने मात्र 2 घंटे 15 मिनट में क्लोज कर दी गई, जिससे पूरे प्रकरण पर पारदर्शिता को लेकर गंभीर सवाल उठे।

हालांकि, शिकायत शासन स्तर के बाद कलेक्टर के पास पहुंची और उन्होनें समूची प्रक्रिया की जांच कर निविदा को निरस्त करने का आदेश दिया। शिकायतकर्ता का कहना है



कि गंभीर अनियमितताओं के बावजूद कलेक्टर के आदेश का पालन नही हुआ और न ही इसे निरस्त किए जाने संबंधी आदेश जारी किए गए हैं। इसके चलते आम जनमानस में प्रशासन द्वारा ठेकेदार को उपकृत किए जाने जैसे संदेश प्रसारित हो रहे हैं जो शासन की छबि को धूमिल कर रहे हैं। शिकायतकर्ता की मानें तो दिखावे की कार्रवाई की बजाय कठोर कार्रवाई लोगों के लिए सबक और एक बेहतर उदाहरण के तौर पर सामने आएगा। शिकायतकर्ता द्वारा निविदा के निरस्त किए जाने संबंधी दस्तावेजों को सार्वजनिक किए जाने की मांग की गई है।

सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार, ग्राम गढ़फुलझर में सर्वजन समाज के लिए मंगल भवन निर्माण हेतु निविदा आमंत्रित की गई थी, परंतु आश्चर्यजनक रूप से इसे महज ढाई घंटे के भीतर बंद कर दिया गया। आरोप है कि यह प्रक्रिया एक पसंदीदा ठेकेदार को लाभ पहुंचाने के उद्देश्य से जल्दबाजी में पूरी की गई थी, जिससे अन्य पात्र ठेकेदारों को आवेदन करने का अवसर ही नहीं मिल पाया। मामले की शिकायत शासन स्तर तक पहुंचने के बाद प्रशासन हरकत में आया। जांच में पाया गया कि निविदा प्रक्रिया नियमों के विपरीत और निर्धारित समय सीमा से पहले क्लोज की गई थी। इसके बाद कलेक्टर ने संबंधित एजेंसी से विस्तृत ब्यौरा मांगा और जांच रिपोर्ट के आधार पर निविदा रद्द करते हुए नई प्रक्रिया शुरू करने के निर्देश जारी किए। स्थानीय ग्रामीणों ने कहा कि यह अच्छी बात है कि प्रशासन ने भ्रष्टाचार पर संज्ञान लिया, लेकिन जब तक दोषियों पर कठोर कार्रवाई नहीं होगी, तब तक ऐसी घटनाएं रुकने वाली नहीं हैं।

## गुरुकुल आश्रम कोसरंगी प्रतिनिधियों के साथ किया प्रस्थान

# विश्व आर्य महासम्मेलन के लिए प्रतिनिधिमंडल दिल्ली रवाना

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

- स्वामी दयानंद की द्विशताब्दी एवं आर्य समाज के 150 वर्ष पूर्ण होने पर भव्य आयोजन

महर्षि दयानंद सरस्वती की 200वीं जयंती एवं आर्य समाज के 150 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में आयोजित अंतरराष्ट्रीय आर्य महासम्मेलन में भाग लेने के लिए छत्तीसगढ़ से एक विशाल आर्य प्रतिनिधिमंडल दिल्ली के लिए रवाना हुआ। इस प्रतिनिधिमंडल में आर्ष ज्योति गुरुकुल आश्रम कोसरंगी, गुरुकुल नवप्रभात, गुरुकुल आमसेना, गुरुकुल कुंडुली, गुरुकुल सलाखिया (रायगढ़) सहित प्रदेश के विभिन्न गुरुकुलों के आचार्य, ब्रह्मचारी, संतगण और श्रद्धालुजन सम्मिलित हैं। स्टेशन पर प्रतिनिधियों का भव्य स्वागत हुआ। "सत्य सनातन वैदिक धर्म की जय, ऋषि दयानंद की जय, भारतीय संस्कृति की जय" जैसे जयघोषों से वातावरण गूंज उठा।





कार्यक्रम के मुख्य प्रतिनिधि एवं वैदिक विद्वान आचार्य डॉ. अजय आर्य इस अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन में "सनातन स्वाभिमान और महर्षि दयानंद का पुरुषार्थ" विषय पर अपना शोधपत्र प्रस्तुत करेंगे। उन्होंने प्रस्थान से पूर्व कहा-"महर्षि दयानंद केवल एक धार्मिक सुधारक नहीं, बल्कि भारत के आत्मगौरव और वैदिक चेतना के जागरण के प्रतीक हैं। आज आवश्यकता है कि आर्य समाज, गुरुकुलों और आर्य विद्यालयों को तकनीकी शिक्षा से जोड़कर राष्ट्र निर्माण के वैदिक आदर्श को व्यवहार में उतारा जाए।" इस प्रेरणादायक यात्रा के प्रमुख मार्गदर्शक हैं-विक्रम लाल साहू, आचार्य सुरेश कुमार, आचार्य धर्मराज, नारायण आर्य, खिलावन आर्य, प्रबंधक कौशल, त्रिलोचन तथा टिकेश्वर। आज छत्तीसगढ़ से लगभग 150 आर्य प्रतिनिधि इस सम्मेलन में भाग ले रहे हैं, जिनमें गुरुकुल कोसरंगी के 64 विद्यार्थी भी सम्मिलित हैं।

अंतरराष्ट्रीय आर्य महासम्मेलन का आयोजन नई दिल्ली के स्वर्ण जयंती पार्क, रोहिणी सेक्टर–10 में 30 अक्टूबर से 2 नवंबर 2025 तक किया जा रहा है, जिसमें 40 से अधिक देशों के प्रतिनिधि भाग लेंगे। यह आयोजन वैश्विक स्तर पर वैदिक संस्कृति के प्रचार- प्रसार का ऐतिहासिक मंच सिद्ध होगा। उल्लेखनीय है कि 31 अक्टूबर को इस आयोजन में भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी आर्य प्रतिनिधियों को संबोधित करेंगे। आचार्य सुरेश ने इस अवसर पर कहा-महर्षि दयानंद के विचार आज भी भारत के आत्मनिर्भर और स्वाभिमानी भविष्य की दिशा दिखाते हैं। हमें अपने गुरुकुलों को केवल शिक्षा के केंद्र नहीं, बल्कि संस्कृति और चरित्र के निर्माता संस्थान बनाना है। यही सच्ची आराधना है ऋषि दयानंद की।

### धान खरीदी के लिए इंटीग्रेटेड कमांड एंड कंट्रोल सेंटर की स्थापना

**महासमुंद।** खाद्य नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण विभाग के आदेशानुसार खरीफ विपणन वर्ष 2025-26 में समर्थन मूल्य पर धान खरीदी व्यवस्था की निगरानी, पर्यवेक्षण तथा धान की पुनर्चक्रण पर नियंत्रण के लिए कलेक्टर विनय कुमार लंगेह के निर्देशानुसार जिला स्तर पर इंटीग्रेटेड कमांड एंड कंट्रोल सेंटर की स्थापना की गई है। गठित कमांड सेंटर द्वारा सीमावर्ती क्षेत्रों में धान की आवक-जावक पर निगरानी, उड़नदस्ता दलों से प्राप्त अलर्टों का त्वरित निराकरण तथा धान खरीदी से संबंधित शिकायतों और सूचनाओं का संकलन व विश्लेषण किया जाएगा। इसके लिए डिप्टी कलेक्टर मनोज खांडे को नोडल अधिकारी एवं जिला सूचना एवं विज्ञान अधिकारी देवेन्द्र कुमार साहू' सहायक नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया है।

## खबर संक्षेप

### अंगारमोती गोधाम में आज विशेष कार्यक्रम

**धमतरी।** गोपाष्टमी एवं अक्षय नवमी के अवसर पर 30 अक्टूबर को ग्राम तुमाबुजुर्ग स्थित अंगारमोती गोधाम में विशेष धार्मिक कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। संचालक मंडल के अध्यक्ष दीपक लखोटिया, सचिव नरेंद्र जयसवाल तथा कोषाध्यक्ष सुबोध राठी ने बताया कि कार्यक्रम का शुभारंभ दोपहर 1 बजे से 3:30 बजे तक गौ सेवा सम्मान एवं मंचीय कार्यक्रम से होगा। 3:30 से 4:30 बजे तक आंवला वृक्ष पूजन, महाआरती तथा खिचड़ी प्रसादी का आयोजन रहेगा। संध्या 5 बजे से भजन संध्या का आयोजन किया गया है, जिसमें अनेक भजन मंडलियां भाग लेंगी।

### चमकारी प्रतियोगिता आज

**धमतरी।** शहर की सुंदरता और सृजनशीलता को निखारने के उद्देश्य से जिला प्रशासन एवं नगर पालिका निगम द्वारा 'चमकारी-अपनी कला का करे प्रदर्शन और अपने शहर को सुंदर बनाये' कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। यह आयोजन 30 अक्टूबर को प्रातः 7 बजे से इंडोर स्टेडियम धमतरी में होगा। इस कार्यक्रम में शहर के कलाकारों, युवाओं एवं विद्यालय, महाविद्यालय के विद्यार्थियों को अपनी कला, रचनात्मकता और सामाजिक संदेशों को अभिव्यक्त करने का अवसर मिलेगा। प्रतियोगिता का मुख्य उद्देश्य नागरिकों में सौंदर्यीकरण, स्वच्छता और सांस्कृतिक जागरूकता को बढ़ावा देना है।

**अभियान:** मतदाता सूची का विशेष गहन पुनरीक्षण 2025

# 4 से घर-घर जाकर बीएलओ करेंगे सत्यापन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

- कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी ने ली राजनीतिक दलों एवं मीडिया प्रतिनिधियों की बैठक




भारत निर्वाचन आयोग द्वारा छत्तीसगढ़ सहित 12 राज्यों में मतदाता सूचियों के विशेष गहन पुनरीक्षण कार्यक्रम की तिथियों की घोषणा कर दी गई है। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी रायपुर के निर्देशानुसार मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण 2025 कार्यक्रम के तहत कलेक्टोरेट सभाकक्ष महासमुंद में राजनीतिक दलों एवं मीडिया प्रतिनिधियों की बैठक आयोजित कर तिथियों और अन्य आवश्यक जानकारियों से अवगत कराया गया। बैठक की अध्यक्षता कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी विनय कुमार लंगेह ने की। बैठक में भारतीय जनता पार्टी, इंडियन नेशनल कांग्रेस, बहुजन समाज पार्टी, आम आदमी पार्टी के प्रतिनिधि, उप जिला निर्वाचन अधिकारी सचिन भूतड़ा, जिला जनसम्पर्क अधिकारी पोषण कुमार साहू सहित प्रिंट एवं इलेक्ट्रॉनिक मीडिया के प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

बैठक में कलेक्टर लंगेह ने बताया कि निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण कार्य की प्रक्रिया निर्धारित कार्यक्रम के तहत की जा रही है। इस कार्यक्रम का उद्देश्य जिले के सभी पात्र नागरिकों को मतदाता सूची में नाम जोड़ने का अवसर प्रदान करना तथा मतदाता सूची को शुद्ध, सटीक एवं अद्यतन बनाना है। कलेक्टर ने बताया कि जारी कार्यक्रम के तहत 3 नवंबर तक प्रशिक्षण कार्य, 4 नवंबर से 4 दिसंबर तक घर-घर जाकर सत्यापन, 9 दिसंबर को मसौदा मतदाता सूची का प्रकाशन, 8 जनवरी 2026 तक दावा-आपत्ति दर्ज किया जाएगा। 31 जनवरी 2026 तक सुनवाई और सत्यापन तथा अंतिम मतदाता सूची का प्रकाशन 7 फरवरी 2026 को किया जाएगा।

कलेक्टर ने इस अवसर पर राजनीतिक दलों से आग्रह किया कि वे पुनरीक्षण के दौरान अपने बूथ स्तरीय एजेंटों के माध्यम से निर्वाचन आयोग के कर्मचारियों को पूरा सहयोग दें, ताकि छूटे हुए पात्र नागरिकों के नाम सूची में जोड़े जा सकें और मृत या स्थानांतरित मतदाताओं के नाम हटाए जा सकें। उन्होंने मीडिया को जनजागरण का सबसे प्रभावी माध्यम बताते हुए पारदर्शी, शत-प्रतिशत मतदाता पंजीकरण में सभी मीडिया प्रतिनिधियों से अपील की है कि वे निर्वाचन कार्यों में सहयोगी की भूमिका निभाते हुए आम नागरिकों को मतदाता सूची पुनरीक्षण कार्यक्रम की जानकारी व्यापक रूप से दें, ताकि अधिक से अधिक पात्र नागरिक मतदान का अधिकार प्राप्त कर सकें। कलेक्टर ने बताया कि बीएलओ (बूथ स्तरीय अधिकारी) नए मतदाता को शामिल करने के लिए फॉर्म 6 और घोषणा पत्र एकत्र करेंगे और मिलान/लिंकिंग (आधार से जोड़ना) में सहायता करेंगे। मतदाता को ईएफ (इलेक्टोरल फॉर्म) भरने में मदद करेंगे उसे एकत्र करेंगे और ईआरओ/एईआरओ को जमा करेंगे।

प्रत्येक मतदाता के घर का कम से कम 3 बार दौरा करेंगे। मतदाता, विशेषकर शहरी मतदाता/अस्थायी प्रवासी, ईएफ ऑनलाइन भी भर सकते हैं। इसके अलावा बीएलओ मृत, स्थायी रूप से स्थानांतरित तथा एक से अधिक स्थानों पर पंजीकृत मतदाताओं की पहचान करेंगे।

गणना चरण के दौरान ईएफ के अलावा, ईएफ के साथ कोई अन्य दस्तावेज एकत्र करने की आवश्यकता नहीं है। ईआरओ/एईआरओ को यह सुनिश्चित करना होगा कि कोई भी पात्र नागरिक छूटा नहीं है, और कोई भी अपात्र व्यक्ति शामिल नहीं है।



### तुमाडबरी मणिकंचन केंद्र में छात्रों ने जाना कचरे से खाद बनाने का तरीका

**महासमुंद।** ठोस अपशिष्ट प्रबंधन के अध्ययन सह प्रशिक्षण कार्यक्रम के तहत मंगलवार को नगर पालिका महासमुंद अंतर्गत तुमाडबरी मणिकंचन केंद्र में स्कूली बच्चों व शिक्षकों को नगर पालिका के स्वच्छ भारत मिशन की सुपर वाईजर रमा महानंद ने कचरे से खाद बनाने के बारे में बताया। उन्होंने बच्चों को बताया कि किस तरह से सूखा व गीला कचरा को अलग कर खाद बना सकते हैं। भ्रमण में शासकीय आशी बाई गोलछा कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय की छात्राएं व शिक्षिका ज्योति चंद्राकर, तपस्या शर्मा, खेमलता देवांगन शामिल थे। विदित हो कि नगर पालिका अध्यक्ष निखिलकांत साहू ने स्वच्छ भारत मिशन के सुपरवाइजरों को सेंटर में आने वाले स्कूल, कॉलेजों के छात्र-छात्राओं को सेटंर के कार्यों की विस्तृत जानकारी देने के निर्देश दिये थे। ताकि, छात्र-छात्राओं के माध्यम से उनके अभिभावकों व लोगों को यह संदेश पहुंचे कि सूखे व गीले कचरे को अलग-अलग संग्रहित करना है, ताकि उनका उचित निष्पादन सुचारू रूप से हो सके एंव हमारा शहर कचरा मुक्त शहर की स्टार रेटिंग व स्वच्छ सर्वेक्षण 2025 में पहला स्थान पा सके।



### वोट चोर गद्दी छोड़ हस्ताक्षर अभियान में महासमुंद की जनता का उत्साह

**महासमुंद।** वोट चोर गद्दी छोड़ हस्ताक्षर अभियान के तहत जिले में जनसमर्थन लगातार बढ़ता जा रहा है। अब तक जिले के लगभग 70 हजार नागरिकों ने इस अभियान में हिस्सा लेते हुए चारों विधानसभा में अपने हस्ताक्षर किए हैं। जिला कांग्रेस कमेटी की अध्यक्ष डॉ. रश्मि चंद्राकर ने महासमुंद जिले के चारों विधानसभा से इन सभी 70 हजार हस्ताक्षर फॉर्म प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज को सौंपे। इस अवसर पर बड़ी संख्या में पार्टी पदाधिकारी और कार्यकर्ता मौजूद रहे। डॉ. चंद्राकर ने बताया कि यह अभियान आगामी दिनों तक जारी रहेगा, जब तक महासमुंद जिले से एक लाख लोगों के हस्ताक्षर एकत्रित नहीं हो जाते। उन्होंने कहा कि जनता अब अन्याय और विश्वासघात के खिलाफ एकजुट होकर अपनी आवाज उठा रही है। प्रदेश अध्यक्ष दीपक बैज ने महासमुंद जिले के कार्यकर्ताओं और जनता का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि यह अभियान लोकतंत्र की रक्षा और जनभावनाओं की अभिव्यक्ति का प्रतीक है। उन्होंने विश्वास जताया कि महासमुंद जिला जल्द ही एक लाख हस्ताक्षरों का लक्ष्य पूरा करेगा।



### नुआपाड़ा विधानसभा उपचुनाव में महासमुंद विधायक ने भाजपा प्रत्याशी के लिए किया जनसंपर्क

**महासमुंद।** ओडिशा के नुआपाड़ा विधानसभा सीट के लिए हो रहे उपचुनाव में महासमुंद विधायक योगेश्वर राजू सिन्हा ने भाजपा प्रत्याशी जय ढोलकिया के लिए प्रचार प्रसार किया। नुआपाड़ा विधानसभा क्षेत्र के धरमबांधा एवं विभिन्न गांवों में आयोजित बूथ बैठक एवं जनसंपर्क कार्यक्रम में पहुंचे। इस अवसर पर ओडिशा प्रदेश अध्यक्ष मनमोहन सम्भल, उपमुख्यमंत्री कनक वर्धन सिंहदेव, विधायक उपासना महापात्रो, हिमांशु साहू संगठन के नेता गोविंद अग्रवाल, पूर्व सांसद महासमुंद चुन्नीलाल साहू के साथ भाजपा नेता श्याम साकरकर, यतेंद्र साहू, गौकरण साहू, राजू चंद्राकर, नितिन जैन, सुमित जैन, हनीश बग्गा, शरद मराठा, गौरव राठी उपस्थित रहे।

## विद्यार्थियों में सेवा और समर्पण का भाव जागता है एनएसएस शिविर: चंद्रहास

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद



ग्राम सकरी (धमतरी) में सात दिवसीय एनएसएस शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें बतौर मुख्य अतिथि बीज एवं कृषि विकास निगम अध्यक्ष छग शासन (राज्यमंत्री) चंद्रहास चंद्राकर शामिल हुए। इस अवसर पर चंद्राकर ने स्वयं सेवकों द्वारा शिविर में की जा रही गतिविधियों की जानकारी ली। उन्होंने शिविर को संबोधित करते हुए कहा कि समाज सेवा, राष्ट्र सेवा और अनुशासन जीवन का अहम हिस्सा है। इन तीन चीजों को अपनाकर जो व्यक्ति आगे बढ़ता है वह कभी भी जीवन में असफल नहीं होता। एनएसएस शिविर विद्यार्थियों में सेवा और समर्पण का भाव जगाता है।

इस अवसर पर उद्यानिकी विभाग के डायरेक्टर गुरुदत्त, सकरी जनपद क्षेत्र के जनपद सदस्य ओमप्रकाश साहू, पूर्व सरपंच घनश्याम साहू, नीलमणि साहू, शंकरलाल श्रीवास, हिरदेलाल साहू, हुमनलाल, लखनु राम, भुलऊ राम, निज सचिव लखन लाल साहू, नंदू जलक्षत्री एवं बड़ी संख्या में ग्रामवासी उपस्थित रहे।

## गंवई ने किया 'स्कूल चलो पढ़े बर' ऑडियो पोस्टर का विमोचन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पिथौरा



शिक्षा के प्रति जनजागरण और बच्चों को शासकीय विद्यालय आने के लिए प्रेरित करने के उद्देश्य से नवाचारी शिक्षक एवं शतरंज प्रमोटर हेमंत खुटे द्वारा तैयार किए गए प्रेरणादायी ऑडियो पोस्टर "स्कूल चलो पढ़े बर" का विमोचन मुंबई के वरिष्ठ समाजसेवी एवं प्रसिद्ध उद्योगपति भगवान गंवई के करकमलों विज्ञान आश्रम कसेकरा में किया गया।

इस मौके पर भगवान गंवई ने कहा कि "हेमंत खुटे द्वारा शिक्षा को जन-अभियान से जोड़ने का यह प्रयास सराहनीय है। आज भी अनेक बच्चे किसी न किसी कारणवश विद्यालय से दूर हो जाते है, ऐसे में इस प्रकार के रचनात्मक माध्यम समाज में शिक्षा का उजाला फैलाने का कार्य करेंगे।" इस दरमियान हेमंत खुटे ने बताया कि "स्कूल चलो पढ़े बर" गीत के माध्यम से शिक्षा का महत्व को समझाया तथा विद्यालयों में संचालित शासकीय योजनाओं का समावेश किया गया हैं। यह गीत स्थानीय छत्तीसगढ़ी बोली पर आधारित है। गीत को सुमधुर संगीत से सजाया है छत्तीसगढ़ के मशहूर संगीतकार अमित प्रधान तथा कंचन जोशी ने सुरम्य, मखमली, जादुई आवाज से गीत को नई ऊंचाइयां दी है। इस गीत को छत्तीसगढ़ राज्य स्थापना दिवस के खास अवसर पर यू ट्यूब पर अपलोड किया जाएगा। उल्लेखनीय है कि इससे पूर्व शिक्षक हेमंत खुटे ने चेस इन स्कूल्स के तहत स्कूली बच्चों को विद्यालय में शतरंज खेलने के लिए प्रेरित करने के उद्देश्य से भी शतरंज गीत स्कूल चले हम, पढ़ाई करे हम,शतरंज खेले हम गीत का आडियो-वीडियो जारी किया था। जिसे शतरंज जगत में राष्ट्रीय स्तर पर लोकप्रियता मिली थी। कार्यक्रम के दौरान सेवानिवृत अपर कलेक्टर एवं छत्तीसगढ़ विज्ञान सभा के अध्यक्ष विश्वास मेश्राम, संगीतकार अमित प्रधान, फिल्म अभिनेता जयेश मौजूद रहे।

## सांसद ने किया अरंड में हाईस्कूल भवन के लिए भूमिपूजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अरंड (पिथौरा)



महासमुंद क्षेत्र की सांसद एवं प्रदेश भाजपा उपाध्यक्ष रूपकुमारी चौधरी के मुख्य आतिथ्य में ग्राम अरंड में शासकीय हाईस्कूल के मुख्य शाला भवन का भूमिपूजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला पंचायत उपाध्यक्ष भीखम ठाकुर ने की। विशिष्ट अतिथि के रूप में जनपद पंचायत उपाध्यक्ष ब्रह्मानंद पटेल, नीलकंठ साहू मंडल अध्यक्ष, पार्षद लाल ठाकुर, सांसद प्रतिनिधि मनमीत छाबड़ा, महामंत्री दुलीकेशन साहू, उषा श्रीवास्तव, रमेश पटेल, ग्राम पंचायत अरंड के सरपंच दिगंबर पटेल, कृष्णा ध्रुव भाजपा नेता, कार्तिक राम पटेल शाला विकास समिति के अध्यक्ष, देवानंद पटेल मंचासीन रहे।

मुख्य अतिथि रूपकुमारी चौधरी ने सभा को संबोधित करते हुए कहा कि स्वतंत्रता सेनानियों की वीर भूमि ग्राम अरंड में भूमि पूजन पर सम्मिलित होना मेरे लिए गौरव का क्षण है। नया शैक्षणिक सत्र प्रारंभ होने के पूर्व शाला भवन पूर्ण हो जाएगा, जिससे शिक्षा व्यवस्था और चुस्ती मुस्तैदी के साथ होगी, जिसका प्रत्यक्ष लाभ क्षेत्र के विद्यार्थियों को होगा। अध्यक्षीय उदबोधन में भीखम ठाकुर ने अरंड का गौरव गाथा के साथ शासन की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी। इसके पूर्व स्वागत भाषण देते हुए हाई स्कूल के प्राचार्य सोनसाय पटेल ने हर्ष व्यक्त करते हुए कहा कि 2017 में प्रारंभ हुए हाईस्कूल का 8 वर्ष पश्चात शाला भवन मिलना बहुत खुशी की बात है। मुख्य शाला भवन बन जाने से हायर सेकेंडरी के रूप में उन्नयन का भी मार्ग प्रशस्त होगा। सभा का कुशल मंच संचालन शिक्षक जयराम पटेल एवं आभार प्रदर्शन ग्राम प्रमुख शिवचरण ध्रुव ने किया। आयोजन को सफल बनाने में विकासखंड स्त्रोत समन्वयक नरेश पटेल, संकुल समन्वयक रोहिणी देवांगन, व्याख्याता प्रदीप कर, लोकेश्वरी साहू, टीकम पटेल शिक्षक शिक्षिकाओं पंचायत प्रतिनिधियों एवं ग्रामीणों का विशेष योगदान रहा।

### युवाओं को मिलेगा लाइट मोटर व्हीकल ड्राइविंग का प्रशिक्षण

**धमतरी।** छग राज्य कौशल विकास प्राधिकरण विनियम 2023 के अंतर्गत युवाओं को आधुनिक विषयों में दक्ष बनाने तथा आत्मनिर्भरता को प्रोत्साहित करने छग राज्य कौशल विकास प्राधिकरण एवं भोपालराव पवार शासकीय पॉलीटेक्निक धमतरी के मध्य अनुबंध किया गया है। इस अनुबंध के अंतर्गत मुख्यमंत्री कौशल विकास योजना के तहत लाइट मोटर व्हीकल ड्राइवर (लेवल-3) प्रशिक्षण कार्यक्रम का संचालन अतिशीघ्र प्रारंभ किया जाएगा। यह प्रशिक्षण पूर्णतः निःशुल्क रहेगा। प्रशिक्षण हेतु अभ्यर्थी की न्यूनतम आयु 18 वर्ष तथा शैक्षणिक योग्यता कम से कम 8वीं कक्षा उत्तीर्ण होना आवश्यक है। साथ ही अभ्यर्थी का छग राज्य का मूल निवासी होना अनिवार्य रखा गया है।

## छत्तीसगढ़ महतारी की मूर्ति तोड़फोड़, विवादित टिप्पणी को लेकर सामाजिकजनों ने थाने में सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सरायपाली



छत्तीसगढ़ महतारी की मूर्ति से तोड़फोड़ को लेकर उपजे विवाद के बाद पंडित दीनदयाल उपाध्याय, श्यामा प्रसाद मुखर्जी और अग्रसेन महाराज, सिंधी समाज के आराध्य भगवान झूलेलाल के खिलाफ विवादित टिप्पणी करने वाले अमित बघेल के खिलाफ सरायपाली पुलिस थाने में एफआईआर दर्ज के लिए अग्रवाल समाज का शांतिपूर्वक प्रदर्शन किया। क्रांति सेना के अमित बघेल द्वारा महाराजा अग्रसेन, भगवान झूलेलाल, डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी और पंडित दीनदयाल उपाध्याय के प्रति अभद्र भाषा का प्रयोग के विरोध में अग्रवाल बंधुओं ने सरायपाली थाना में ज्ञापन सौंपकर दोषी के खिलाफ कठोर कार्रवाई की मांग की। अमित बघेल के इस अमर्यादित बयान से केवल प्रदेश ही नहीं, बल्कि राष्ट्रीय स्तर पर भी तीव्र विरोध हो रहा है। इस बयान का विरोध रायपुर, रायगढ़, अंबिकापुर, सरगुजा, सराईपाली सहित प्रदेश के सभी जिलों में किया जा रहा है, जहां समाज जन स्थानीय थानों में पहूंच कर एफआईआर दर्ज करने ज्ञापन दिया गया।

#### क्या है असल मामला

रायपुर के वीआईपी चौक पर छत्तीसगढ़ महतारी की मूर्ति से तोड़फोड़ की गई। 26 अक्टूबर को छत्तीसगढ़िया क्रांति सेना मौके पर पहुंची और जमकर हंगामा किया। इस दौरान क्रांति सेना और पुलिसकर्मियों के बीच झड़प भी देखने को मिली। इस हंगामे के बाद 27 अक्टूबर को छत्तीसगढ़ महतारी की मूर्ति दोबारा स्थापित कर दी गई। पुलिस ने इसी दिन सुबह राम मंदिर के पास से आरोपी को भी गिरफ्तार कर लिया। जांच में पता चला कि आरोपी मानसिक रूप से बीमार था और उसने नशे में मूर्ति तोड़ी थी।

## अस्पताल की जगह पर अतिक्रमण कर बनाया जा रहा मकान

- अस्पताल प्रबंधन पूर्व में भी कर चुका है शिकायत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| धमतरी



जिला अस्पताल की शासकीय जमीन पर एक व्यक्ति द्वारा अतिक्रमण कर मकान बनाने का मामला सामने आया है। अस्पताल प्रबंधन द्वारा पूर्व में इसकी शिकायत की जा चुकी है।

जिला चिकित्सालय परिसर में एक समय काफी खाली जगह थी, लेकिन धीरे धीरे स्वास्थ्य सुविधाओं में विस्तार होने के साथ खाली स्थानों पर अलग -अलग विभागों की बिल्डिंग बनती चली गई। वर्तमान स्थिति में जिला अस्पताल परिसर लगभग भर चुका है। इसी के साथ अन्य सुविधाओं के विस्तार के लिए अब अस्पताल में जमीन कम पड़ने लगी है जिसके कारण दूसरे स्थान पर नवीन जिला अस्पताल बनाने का प्रयास किया जा रहा है। इसके बावजूद जिला अस्पताल के स्वास्थ्य विभाग के पास आसपास और शासकीय जगह है । अस्पताल परिसर के पीछे लौंड्री हाउस के पास जगह है। उक्त खाली शासकीय जगह पर किसी व्यक्ति द्वारा अतिक्रमण कर निजी मकान का निर्माण कराया जा रहा है।

बताया गया है कि यह जगह राजस्व रिकार्ड में खसरा नंबर 203 दर्ज है। अस्पताल परिसर के अंतिम छोर पर स्थित बाउंड्रीवाल के बाद अस्पताल की ही काफी बड़ी जगह है। यहां बस्ती बस जाने के बाद आने-जाने के लिए रास्ता दिया गया। रास्ता छोड़कर वर्तमान में अस्पताल की बाउंड्रीवाल है जिसके भीतर अस्पताल की लगभग 10 हजार वर्गफीट की जगह है। वहीं पर एक किनारे में लौंड्री हाउस संचालित है जिसके पीछे लोगों के मकान हैं। उनके आने जाने के लिए एक और रास्ता दिया जाना था, लेकिन वहां पर अतिक्रमण कर निर्माण किया जा रहा है।

इस संबंध में सिविल सर्जन डा. अरूण टोंडर ने मीडिया को बताया कि कैंप के पीछे अस्पताल की जगह है। वहां अतिक्रमण कर निर्माण किया जा रहा है। इस मामले में पूर्व में एसडीएम को पत्र लिखा गया था, फिर से रिमाइंडर लेटर दिया जा रहा है।



### अंगारमोती दुगली की मड़ई 31 को होगी

**नगरी।** आदिशक्ति अंगारमोती दुगली की मड़ई 31 अक्टूबर को होगी। अंगारमोती सेवा समिति अध्यक्ष सुरेंद्रराज ध्रुव , सीताराम नेताम, उपाध्यक्ष शंकर लाल नेताम, कोषाध्यक्ष मनहरण लाल डोंगरे, सचिव भावसिंह मरकाम, सहसचिव गायता पुजारी गुलेश नेताम, वरुण देव नेताम, बसंत नरेटी, बलराम डोंगरे, गोपाल यादव, शंभुराम मरकाम, लुकाउराम सोरी, गजराज सिंह ध्रुव, शिवा नेताम, नमन कुमार नेताम ने श्रद्धालुओं से उपस्थित होने की अपील की है।

## राज्योत्सव पर प्रदर्शित होगी प्रदेश की विकास यात्रा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| धमतरी



छत्तीसगढ़ राज्य स्थापना दिवस 2025 के अवसर पर जिला मुख्यालय धमतरी में 2 से 4 नवम्बर तक जिला स्तरीय राज्योत्सव समारोह का आयोजन किया जाएगा। समारोह के मुख्य अतिथि विधायक कुरूद अजय चन्द्राकर होंगे। कार्यक्रम का आयोजन डॉ. शोभाराम देवांगन शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, एकलव्य खेल परिसर धमतरी में किया जाएगा। तीन दिवसीय समारोह के अंतर्गत राज्य की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत, परंपराओं एवं विकास यात्रा को प्रदर्शित किया जाएगा। प्रतिदिन शाम 5 बजे से सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन होगा, जिसमें स्थानीय कलाकारों के साथ बाहर से आमंत्रित कलाकार भी अपनी मनमोहक प्रस्तुतियां देंगे। इसके अतिरिक्त विभिन्न विभागों की विकास प्रदर्शनी एवं स्टॉल भी लगाए जाएंगे, जो प्रतिदिन प्रातः 10 बजे से आम नागरिकों के लिए निःशुल्क अवलोकन हेतु खुले रहेंगे।

## सिर्री में ठेकेदार के घर पर ईओडब्लू और एसीबी की दबिश

**सिर्री।** धमतरी जिला अंतर्गत कुरूद ब्लाक के ग्राम सिर्री में 29 अक्टूबर बुधवार को ईओडब्लू और एसीबी की टीम ने एक ठेकेदार के घर में छापामार कार्रवाई की। सूत्रों से मिली जानकारी के मुताबिक बुधवार की सुबह 7 बजे ग्राम सिर्री निवासी ठेकेदार अभिषेक त्रिपाठी पिता रमेश त्रिपाठी के घर में ईओडब्लू और एसीबी की टीम ने घर में दबिश दी और 5 घंटे तक जरूरी दस्तावेजों को



खंगाला। टीम ने महत्वपूर्ण दस्तावेज जब्त किए। इस बीच तगड़ी सुरक्षा व्यवस्था रही। कार्रवाई के लिए 2 स्कॉर्पियो वाहन में 8 सदस्यीय टीम पहुंची थी। यह छापामारी कार्रवाई डीएमएफ (जिला खनिज फाउंडेशन) घोटाले से जुड़े मामलों की जांच के सिलसिले में थी। घोटाले को लेकर टीम ने लगभग 5 घंटे तक पूछताछ कर दस्तावेज खंगाला और दोपहर 12 बजे सिर्री से रवाना हुई। कार्रवाई के बाद टीम अपने साथ लाल रंग के बैग में अहम दस्तावेज सहेजकर लेकर गई।

## खबर संक्षेप



### जागरुकता लाने पर्यावरण संरक्षण यात्रा का आयोजन

**बसना।** "पर्यावरण संरक्षण यात्रा" का आयोजन किया गया, जिसका उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्रों में पर्यावरण के प्रति जागरूकता फैलाना और लोगों को वन एवं पारंपरिक खेती के महत्व से अवगत कराना था। इस यात्रा का नेतृत्व योगेश कुमार बढ़ाई (निवासी मोहगांव) ने किया। उनके नेतृत्व में टीम ने पर्यावरणीय संवेदनशीलता और सामुदायिक सहभागिता का उत्कृष्ट उदाहरण प्रस्तुत किया। कार्यक्रम में सुनील केरकेट्टा, दामो, शिवो एव महिला समूह के सदस्यों ने विशेष सहयोग प्रदान किया। इस अवसर पर वन परिक्षेत्र अधिकारी बसना एसआर निराला तथा वन परिक्षेत्र अधिकारी पिथौरा सालिक राम डडसेना ने कार्यक्रम की सराहना करते हुए कहा कि ऐसी यात्राएं समाज में पर्यावरणीय चेतना जागृत करती हैं और लोगों को प्रकृति से जोड़ती हैं। दोनों अधिकारियों ने कार्यक्रम की सफलता पर नेतृत्वकर्ता योगेश कुमार बढ़ाई एवं उनकी टीम के कार्यों को सरहा।

### जीएसटी कटौती से व्यापार में नई ऊर्जा, स्वदेशी अपनाने का आह्वान

**सांकरा।** बसना भाजपा मंडल अध्यक्ष नरेंद्र यादव के नेतृत्व में नगर की प्रमुख दुकानों में पहुंचकर व्यापारियों से संवाद किया गया। इस अवसर पर उन्होंने केंद्र सरकार द्वारा हाल ही में की गई जीएसटी दरों में कटौती को ऐतिहासिक निर्णय बताते हुए कहा कि इससे व्यापारियों और आमजन दोनों को प्रत्यक्ष लाभ मिलेगा। यादव ने कहा कि जीएसटी में कमी से छोटे व्यापारियों का कर बोझ घटेगा, जिससे व्यापारिक गतिविधियां और भी सुचारु रूप से संचालित होंगी। वहीं वस्तुओं के दाम घटने से उपभोक्ताओं को भी राहत मिलेगी, जिससे स्थानीय बाजारों में बिक्री और क्रयशक्ति दोनों में वृद्धि होगी। उन्होंने मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के विचारों का उल्लेख करते हुए कहा कि छत्तीसगढ़ की आत्मा गांवों और छोटे व्यापारियों में बसती है, उन्हें सशक्त बनाना ही सच्चा विकास है। कार्यक्रम के अंत में व्यापारियों ने सरकार के इस निर्णय का स्वागत करते हुए स्वदेशी अपनाओ, आत्मनिर्भर बनाओ का संकल्प लिया।

# साय सरकार के 22 माह के कार्यकाल में ही स्वास्थ्य व्यवस्था बदहाल : विनोद

## जिला अस्पताल सह मेडिकल कॉलेज में 575 पदों पर अब तक नहीं हो पाई भर्ती, कमीशनखोरी चरम पर

हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद

पूर्व संसदीय सचिव छग शासन व

- अस्पताल में कालातीत दवाएं, खराब उपकरणों की हो रही सप्लाई

महासमुंद के पूर्व विधायक विनोद सेवनलाल चंद्राकर ने कहा कि प्रदेश में भाजपा के 22 माह के कार्यकाल में स्वास्थ्य व्यवस्था बदहाल हो चुकी है। पूरे प्रदेश सहित महासमुंद जिले में सरकारी अस्पतालों की हाल दयनीय हो चुकी है। जिला अस्पताल सह मेडिकल कालेज इंफ्रास्ट्रक्चर, उपकरण, स्टाफ की कमी से जूझ ही रहा है, जरूरी दवाओं के लिए भी गरीब मरीजों के परिजनों को बाहर निजी दवाई दुकानों से आवश्यक दवाएं खरीदने के लिए विवश होना पड़ रहा है।

पूर्व संसदीय सचिव चंद्राकर ने कहा कि भाजपा राज में सरकारी अस्पतालों में मरीज को ना समुचित मात्रा में दवा मिल पा रही है, न जांच हो पा रहा है, और ना ही समुचित इलाज का प्रबंध है। जिला अस्पताल के स्टाफ से ही मेडिकल कालेज का काम चलाया जा रहा है। गरीब मरीजों को सोनोग्राफी, एक्सरे, सिटी स्कैन के लिए निजी अस्पतालों का सहारा लेना पड़ रहा है। यही नहीं आवश्यक दवाओं के लिए भी मरीजों को भटकना पड़ रहा है। कुछ दिन पूर्व ही अस्पताल में घटिया सामग्रियों की सप्लाई की खबरें आई थी। कमीशन और भ्रष्टाचार को अंजाम देने के लिए यह सरकार गरीबों के जान से खिलवाड़ तक कर रही है। सप्ताहभर पूर्व ही एक महिला मरीज को बच्चे दानी में समस्या को लेकर जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया था। उसके ऑपरेशन के पूर्व ही ऑपरेशन थियेटर में शार्ट सर्किट से मशीनें खराब हो गई। महिला को आधे-अधूरे आपरेशन कर पुनः वापस वार्ड में शिफ्ट कर दिया गया। यह अत्यंत चिंताजनक विषय है कि जिले के सबसे बड़े अस्पताल में घटिया सामग्रियों की सप्लाई केवल कमीशन के लिए की जा रही है। जिससे गरीब मरीजों के जिंदगी के साथ खिलवाड़ हो रही है। चंद्राकर ने कहा कि भाजपा की साय सरकार का पूरा फोकस केवल कमीशनखोरी पर है। कमीशन के लिए कालातीत दवाएं, खराब उपकरणों, ऑपरेशन ब्लेड आदि की खरीदी कर अस्पतालों में पहुँचाया जा रहा है।



चंद्राकर ने कहा कि पूर्ववर्ती कांग्रेस शासनकाल में 8 सरकारी नए मेडिकल कॉलेज बने। सभी जिला अस्पतालों को मल्टीस्पेशलिटी हास्पिटल के रूप में उन्नयन किया गया था। सभी ब्लाक अस्पतालों में भर्ती की सुविधा शुरू की गयी थी। 1900 से अधिक वेलनेस सेंटर संचालित थे। कांग्रेस के कार्यकाल में छत्तीसगढ़ में स्वास्थ्य का इंफ्रास्ट्रक्चर तीन गुना अधिक बेहतर हुआ था। साय सरकार की अकर्मण्यता के चलते ही पूर्ववर्ती सरकार के दौरान संचालित हमर अस्पताल, हाट बाजार क्लिनिक, मोहल्ला क्लीनिक, शहरी स्लम चिकित्सा केंद्र में भी बदहाली का आलम है।

### 575 रिक्त पदों पर भर्ती करने सरकार की रूची नहीं

चंद्राकर ने कहा कि सरकार स्वास्थ्य सुविधाओं को बेहतर बनाने की दिशा में कोई काम नहीं कर पा रहा है। आज जिला अस्पताल सह मेडिकल कालेज में अस्पताल अधीक्षक, सहायक अस्पताल अधीक्षक, केजुअल्टी मेडिकल आफिसर, प्रशासकीय अधिकारी, मेडिकल रिकार्ड आफिसर, नर्सिंग अधीक्षक, असिस्टेंट इंजीनियर इलेक्ट्रिकल, असिस्टेंट इंजीनियर मेकेनिकल, कार्यालय अधीक्षक, मेडिको सोशल वर्कर, सहायक कार्यालय अधीक्षक, डायटिशियन, सहायक ग्रेड-2, सीनियर एकाउंटेंट, कैशियर, फार्मासिस्ट, स्टुअर्ट, सहायक ग्रेड-3, उप नर्सिंग अधीक्षक, नर्सिंग सिस्टर, स्टाफ नर्स, बढ़ई, स्टेटिशियन, कोडिंग क्लर्क, रिकार्ड क्लर्क, स्टेनो टायपिस्ट, असिस्टेंट नर्सिंग सुपरिटेंडेंट, टेक्नीशियन, टेक्निकल असिस्टेंट, सुपरवाइजर, रिकार्ड कीपर, ईसीजी टेक्निशियन, रेडियोग्राफर, रिसेप्शनिस्ट क्लर्क, सीनियर टेक्निशियन मैकेनिकल, सीनियर टेक्नीशियन इलेक्ट्रिकल, सीनियर टेक्नीशियन रेफ्रिजरेशन, जूनियर टेक्नीशियन, दफ्तरी, भृत्य/चौकीदार, टेलर, हेड कुक, वार्ड ब्वाय, स्वीपर, पंप अटेंडेंट, नाई, कुक/ असिस्टेंट, धोबी, पैकर, लैब अटेंडेंट, स्ट्रेचर बेयरर, अटेंडेंट आदि के 616 स्वीकृत पदों में 575 पद खाली पड़े हैं। जिसमें भर्ती कराने भाजपा सरकार की कोई रूचि नहीं दिख रही है।

# सांसद खेल महोत्सव का आयोजन, खेल जीवन का अभिन्न हिस्सा : रूपकुमारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ खल्लारी



सांसद खेल महोत्सव का दो दिवसीय आयोजन मंगल भवन प्रांगण खल्लारी में आरंभ हुआ। इसमें बागबाहरा विकासखंड के अंतर्गत छः संकुलों के विद्यार्थी तथा पंचायत स्तर के अनेक ग्रामीण खिलाड़ियों ने भाग लिया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सांसद रूपकुमारी चौधरी रहीं। उन्होंने उद्बोधन में कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देशभर में खेलों को एक नई दिशा और ऊर्जा मिली है। सांसद खेल महोत्सव जैसी पहलें न केवल ग्रामीण युवाओं को अपनी प्रतिभा दिखाने का अवसर देती हैं, बल्कि उन्हें जीवन में अनुशासन, आत्मविश्वास और स्वस्थ प्रतिस्पर्धा की भावना भी प्रदान करती हैं।

कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे जिला पंचायत महासमुंद उपाध्यक्ष भीखम सिंह ठाकुर ने कहा कि ग्रामीण अंचल के बच्चे अब किसी भी मायने में पीछे नहीं हैं। यदि उन्हें उचित मंच और संसाधन मिलें तो वे प्रदेश ही नहीं, बल्कि देश और विदेशों में भी अपनी पहचान बना सकते हैं। उन्होंने आगे कहा कि खेल हमारे भारत की गौरवशाली विरासत रहे हैं। हमारे देश के खिलाड़ियों ने वैश्विक स्तर पर भारत का नाम ऊंचा किया है। खेल से न केवल शारीरिक क्षमता का विकास होता है, बल्कि यह बौद्धिक स्तर, आत्मविश्वास और समरसता की भावना का भी सर्वांगीण विकास करते हैं।

उन्होंने कहा कि खेल जीवन का अभिन्न और अनिवार्य हिस्सा हैं, जो हमें एकता, अनुशासन और सहयोग की भावना सिखाते हैं।

इस अवसर पर नमिता भरकोले अनुविभागीय अधिकारी बागबाहरा, रामता डे सहायक बीइओ, सविता चंद्राकर प्राचार्य हायर सेकंडरी स्कूल खल्लारी, हिरेंद्र देवांगन खेल प्रभारी, जनपद सदस्य भूमिका सिन्हा, जनपद प्रतिनिधि रामजीलाल सिन्हा, भाजपा मंडल अध्यक्ष लोकेश पुनरिया, पूर्व जनपद सभापति थान सिंह दीवान, मंडल महामंत्री सुजीत साहू, ताराचंद देवांगन, नन्द कुमार निषाद, भुनेश्वर लोधी, रमन वैष्णव, पूरन सबर, हीरा साहू, देवेंद्र दीवान उपस्थित रहे। पहले दिन आयोजित खेल स्पर्धाओं जैसे कबड्डी, खो-खो, दौड़, लंबी कूद, ऊँची कूद में खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन किया।

## कोसरिया का कांग्रेस पर पलटवार, जहरीली शराब पर सरकार को बदनाम करने की साज़िश

**सरायपाली।** सरायपाली क्षेत्र के ग्राम बलोदा में तीन युवकों की आकस्मिक मृत्यु के बाद राजनीतिक तापमान बढ़ गया है। जहां कांग्रेस इस घटना को लेकर सरकार पर निशाना साध रही है, वहीं वरिष्ठ भाजपा नेत्री पूर्व प्रदेश उपाध्यक्ष एवं महिला मोर्चा की प्रदेश प्रभारी सरला कोसरिया ने कांग्रेस पर तीखा पलटवार करते हुए इसे राजनीतिक साज़िश करार दिया है।



कोसरिया ने कहा कि स्थानीय विधायक चातुरी नंद इस पूरे मामले को सस्ती लोकप्रियता हासिल करने के लिए राजनीतिक रंग देने का प्रयास कर रही हैं। बिना किसी प्रमाण और पोस्टमार्टम रिपोर्ट के यह कहना कि मौतें जहरीली शराब से हुई हैं, पूरी तरह गैरजिम्मेदाराना बयानबाज़ी है। उन्होंने कांग्रेस पर आरोप लगाया कि विपक्ष अफवाहों के आधार पर सरकार को बदनाम करने की कोशिश कर रहा है। शराबबंदी का झांसा देकर सत्ता में आई कांग्रेस आज इस विषय पर बोलने का कोई नैतिक अधिकार नहीं रखती। जिनके शासनकाल में अवैध शराब का कारोबार फला-फूला, वे अब नैतिकता की बात कर रहे हैं कि यह जनता भलीभांति समझती है।

आगे सरला कोसरिया ने कहा कि विधायक अपने गृहग्राम में हुई 42 वर्षीय युवक की मौत पर उनके परिजनों से मिलना मुनासिब नहीं समझती है। क्योंकि, वहां किसी प्रकार की राजनीतिक लोकप्रियता हासिल नहीं होगी। किसी के दुख में खड़ा होना अच्छी बात है, परंतु विधायक के गृह ग्राम जोगनीपाली में एक महिला की संदिग्ध मौत हुई थी, आज तक विधायक उसके घर आंसू पोछने नही गयी। विधायक का यह दोहरा चरित्र दर्शाता है कि क्षेत्र की जनता और समस्याओं से कोई सरोकार नही है सिर्फ झूठी वाहवाही और अपनी राजनीति रोटी सेंकने के लिए कर रही है। कोसरिया ने स्पष्ट किया कि प्रशासन ने घटना की गंभीरता को देखते हुए जांच शुरू कर दी है और सच्चाई बहुत जल्द सामने आ जाएगी। सरकार पारदर्शिता के साथ कार्य कर रही है।

## सैलानी 1 से कर सकेंगे बार अभ्यारण्य का दीदार

हरिभूमि न्यूज ⏭ पिथौरा

1 नवम्बर से बारनवापारा अभ्यारण्य सैलानियों के दीदार के लिए खोल दिया जाएगा। पर्यटकों के आकर्षण के मद्देनजर इसकी तैयारी विभाग ने तेज कर दी है। मुख्य पहुंच मार्गों समेत पर्यटन मार्गों की मरम्मत एवं कॉर्टेज, रिजॉर्ट आदि का रंगरोगन के कार्य भी तेजी से जारी है।



बार नवापारा अभ्यारण्य अधीक्षक कृषाणु चंद्राकर ने बताया कि बारनवापारा अभयारण्य में सफारी करने के लिए बरबसपुर, पकरीद और रवान अलग-अलग 3 जोन हैं। बार, बरबसपुर, रवान और पकरीद से सफारी के लिए जिप्सी और गाइड की विशेष व्यवस्था है। चीतल, ब्लैकबक, हाथी, गौर, भालू व तेंदुए की संख्या में वृद्धि हुई है। बारनवापारा अभ्यारण्य में कुल 6 वन भैंसा लाए गए थे, जो अब बढ़कर 10 हो गए हैं। गत दिनों यहां बांसशिल्प का प्रशिक्षण दिया गया। यहां के स्थानीय प्रशिक्षित कारीगरों द्वारा निर्मित बांस आभूषण, टोपी, गुलदस्ता इत्यादि सामानों को बरबसपुर व शोविनियर शाप बार से ब्रिक्री कर उन्हें रोजगार एवं आत्मनिर्भरता से जोड़ने नई पहल होगी। चक्रीयनिधि से 10 दी गई जिप्सी के साथ यहां सफारी के लिए 22 जिप्सियां है। इसके अलावा प्राइवेट रिजार्ट की 4-5 जिप्सी और हैं। 17 तारीख को हमने रिसार्ट वालों के साथ मिटिंग भी की। जिसमें वन विभाग द्वारा धारणीय और उत्तरदायी पर्यटन पर फोकस करने कहा गया है।

# नवीन विधानसभा का नाम मिनी माता के नाम पर ही रखने की उठी मांग

हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद

छत्तीसगढ़ सरकार राज्य के नवीन विधानसभा भवन की लोकार्पण देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के द्वारा 1 नवंबर को 25 वें राज्य स्थापना दिवस पर करने जा रही है। जिस संबंध में सतनामी समाज ने मुख्यमंत्री छत्तीसगढ़ शासन से नवीन विधानसभा भवन का नाम अविभाजित मध्यप्रदेश के प्रथम महिला सांसद एवं राज्य के महिला सशक्तिकरण की आदर्श महिला ममतामयी मिनी माता के नाम से पुराने विधानसभा भवन के नामकरण को यथावत रखने की मांग की है।

मिनी माता के नाम से पूर्व में विभिन्न स्थानों का नामकरण किया गया था, जो अब नहीं है जैसे पंडरी बस स्टैंड व बांगो बांध परियोजना केवल विधानसभा भवन को छोड़। इसलिए मिनी माता के यादों को संवारने व समाज की भावनाओं का सम्मान करते हुए वर्तमान में संचालित विधानसभा भवन की भांति नवीन विधानसभा भवन का नाम भी राज्य के प्रथम महिला सांसद ममतामयी मिनी माता के नाम से यथावत रखने की घोषणा राज्य स्थापना दिवस की दिन प्रधानमंत्री से कराने निवेदन किया है।

मुख्यमंत्री के नाम कलेक्टर महासमुंद को ज्ञापन सौंपने वालों में प्रगतिशील छत्तीसगढ़ सतनामी समाज के दिनेश बंजारे प्रदेश सहसचिव, विजय बंजारे जिलाध्यक्ष, रेखराज बघेल जिला सचिव, राजेश रात्रे जिलाध्यक्ष शिक्षा प्रकोष्ठ, चमन कुर्रे जिलाध्यक्ष संघर्ष प्रकोष्ठ, घनश्याम जांगड़े जिला कार्यकारिणी सदस्य, महासमुंद ब्लॉक से गणेश टंडन सचिव, फनेंद्र बंजारे ब्लॉक अध्यक्ष शिक्षा प्रकोष्ठ, महेश जोशी यूथ ब्लॉक अध्यक्ष, ऐन कुमार रात्रे, संतोष घृतलहरे, अरुण भतपहरी शामिल रहे।

# खानपान की पवित्रता और संगठन की एकजुटता पर दिया जोर

हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद



छत्तीसगढ़ जिला कबीर पंथी साहू समाज के तत्वावधान में स्थानीय कबीर मंदिर में दीपावली मिलन समारोह हुआ। जिसमें सर्वसम्मति से बालोद के गुंडरदेही में वर्ष 2026 का युवक युवती परिचय सम्मेलन व वार्षिक अधिवेशन आयोजित करने का निर्णय लिया गया। इसका प्रस्ताव बालोद जिला से आए कबीरपंथी साहू समाज की प्रतिनिधि मंडल ने रखा था। इस मौके पर कबीरपंथी साहू समाज के वयोवृद्धजनों तथा अपनी प्रतिभा से जनप्रतिनिधि चुनकर आए जिला पंचायत सदस्य, जनपद सदस्य व सरपंचों का गमछा और श्रीफल भेंटकर सम्मानित किया गया। दीपावली पर्व की शुभकामनाएं देते हुए वक्ताओं ने कबीर पंथ साहू समाज की एकजुटता पर प्रकाश डालते हुए कहा कि यह समाज अब उन्नति की ओर अग्रसर हो रहा है। सभी वक्ताओं ने खान-पान की पवित्रता तथा संगठन की मजबूती पर जोर दिया। साथ ही कबीर के विचारों को आत्मसात करने की बात भी कही। धमतरी से भागेश हिरवानी, महासमुंद जिला से नाथूराम साहू नोहरदास साहू, बालोद से सतीश साहू, रायपुर जिला से रिशाल दास एवं प्रदेश अध्यक्ष कन्हैया लाल साहू, प्रदेश संरक्षक द्वारिका साहू ने भी कबीर पंथ और सामाजिक संगठन पर अपनी सारगर्भित बात रखते हुए कहा कि क से काया और काया में छुपे हुए बीर तत्व ही कबीर है। सदगुरु कबीर ने सत्य को कहने में कभी संकोच नहीं किया और दृढ़ता से, कठोरता से सत्य को रेखांकित किया। कार्यक्रम में केंद्रीय पदाधिकारी के अलावा महासमुंद जिला पदाधिकारी, परिक्षेत्र पदाधिकारी एवं विभिन्न ग्रामों जिला रायपुर, दुर्ग, खैरागढ़, बालोद, धमतरी आदि क्षेत्रों के परिवार व पदाधिकारी शामिल हुए।

कार्यक्रम की शुरुआत सदगुरु कबीर साहेब के आरती के साथ आए हुए अतिथि का परिचय एवं तिलक चंदन लगाकर स्वागत किया गया। तत्पश्चात प्रदेश महासचिव संतोष साहू द्वारा सामाजिक संगठन कबीर पंथी साहू समाज का उद्देश्य एवं सामाजिक संगठन में जुड़ने का आह्वान किया। ताकि आने वाली पीढ़ी को संस्कार और कबीर पंथ की जानकारी हो सके। केंद्रीय कार्यकारी अध्यक्ष सेवाराम हिरवानी के निर्देशन में महासमुंद जिला के वयोवृद्ध सदस्यों और जनप्रतिनिधियों में से डॉक्टर सेवाराम साहू, घनश्याम साहू, पुसंग साहू, लक्ष्मी राम साहू, प्रभु राम साहू, मनबोध साहू, जेठाराम साहू, रवि कुमार फरोदिया, धनंजय साहू, नीता तुलाराम साहू, अनीता हरेंद्र साहू, किशोर साहू की श्रीफल और गमछा से सम्मानित किया गया। साथ ही कबीर पंथी परिवार से जुड़े जनपद सदस्य एवं सरपंच का भी सम्मान किया गया। इसके अलावा आए हुए पदाधिकारियों का भी फल और गमछा से सम्मानित किया गया।

कार्यक्रम को सफल बनाने में कार्यकारी अध्यक्ष सेवाराम हिरवानी, जिला अध्यक्ष मुकुंद साहू एवं उनके टीम के युवराज साहू, रोशन साहू एवं अन्य पदाधिकारी जुटे रहे। कार्यक्रम में रामकुमार हिरवानी सामाजिक अंकेषक, कैलाश साहू, गिरधर साहू, हरेराम साहू, जितेन्द्र साहेब, डॉ. भोज साहू, तुलाराम साहू, बालोद जिला से सतीश साहू, जेठू राम साहू, हेमलाल साहू, कांति सर्वा आदि उपस्थित थे।

## वोट चोर गद्दी छोड़ अभियान में महासमुंद से उठी गूंज, जनता अब चुप नहीं बैठेगी : मानिक

**महासमुंद।** जिला किसान कांग्रेस कमेटी जिलाध्यक्ष मानिक साहू ने हजारों किसानों, मजदूरों, युवाओं और आम नागरिकों के हस्ताक्षरयुक्त फॉर्म किसान कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष अभिषेक मिश्रा को सौंपा। साहू ने कहा कि जनता ने जिस विश्वास के साथ वोट दिया, उस जनादेश का अपमान भाजपा ने सत्ता के लोभ में किया है।




छत्तीसगढ़ की जनता ने कांग्रेस पर भरोसा जताया था, लेकिन 'वोट की चोरी' कर कुर्सी हथियाने वालों ने लोकतंत्र की आत्मा को ठेस पहुंचाई है। अब जनता एक स्वर में कह रही है वोट चोर गद्दी छोड़। उन्होंने आगे कहा कि भाजपा सरकार ने किसानों, मजदूरों और आम जनता की उम्मीदों पर पूरी तरह पानी फेर दिया है। कांग्रेस सरकार ने किसानों को राहत देने के लिए बिजली बिल हाफ योजना लागू की थी, जिससे गांव-गांव के किसान और गरीब परिवारों को बड़ी राहत मिली थी। लेकिन, वर्तमान भाजपा सरकार ने आते ही इस योजना को बंद कर दिया। अब किसान, छोटे व्यापारी और आम परिवार बढ़े हुए बिजली बिलों से परेशान हैं। जिला किसान कांग्रेस कमेटी ने हजारों लोगों के हस्ताक्षर सौंपते हुए कहा कि भाजपा सरकार ने किसानों का हक छीना, बिजली बिल हाफ योजना बंद कर दी, जनता अब हिसाब लेगी।

साहू ने कहा कि भाजपा सरकार के निर्णयों ने न केवल किसानों की जेब पर बोझ डाला है बल्कि उनके विश्वास को भी तोड़ा है। धान खरीदी, बोनस भुगतान और समर्थन मूल्य की बातें केवल घोषणाओं तक सीमित हैं। बिजली, खाद और बीज की किल्लत ने किसान की कमर तोड़ दी है। किसान आज कर्ज, महंगाई और बेरोजगारी के बोझ तले दबा हुआ है, और सरकार सत्ता सुख में मग्न है। उन्होंने कहा कि जिले के प्रत्येक ब्लॉक, ग्राम पंचायत और वार्ड में कांग्रेस कार्यकर्ता इस जनआंदोलन को गांव-गांव पहुंचा रहे हैं।

# डामर सड़कों की मरम्मत, टाउन हाल का होगा सौंदर्यीकरण

हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद



नगर पालिका अध्यक्ष निखिलकांत साहू ने लोक निर्माण विभाग के अधिकारियों व अन्य विभाग प्रभारियों की बैठक लेकर बारिश में क्षतिग्रस्त डामर सड़कों की मरम्मत, पुनर्निर्माण के निर्देश दिए। साथ ही कचहरी चौक के पीछे स्थित टाउन हाल में व्याप्त अव्यवस्थाओं को देखते हुए तत्काल सौंदर्यीकरण के लिए प्रस्ताव बनाने के निर्देश भी दिए। नपाध्यक्ष साहू ने टाउन हाल जाकर निरीक्षण भी किया। उनके साथ लोक निर्माण विभाग प्रभारी नरेश ध्रुव, उप अभियंता हेमंत पिस्दा भी थे। नपाध्यक्ष ने टाउन हाल के सभी कक्षों का निरीक्षण कर सौंदर्यीकरण के लिए प्रस्ताव बनाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि टाउन हाल में शहर के विभिन्न सामाजिक, धार्मिक, निजी कार्यक्रमों का संचालन होता है। इसलिए यहां व्यवस्थाओं में सुधार लाना आवश्यक है। उन्होंने टाउन हाल में तैनात कर्मचारियों को नियमित सफाई पर विशेष ध्यान देने निर्देशित किया।



## खबर संक्षेप



### कुआं से सुरक्षित निकाला गया बछड़े को

**महासमुंद।** शहर के वार्ड क्रमांक 9 में स्थित एक खाली कुएं में गिरे बछड़े को गौ सेवकों ने सकुशल बाहर निकाला। गौसेवकों ने बताया कि पूर्व पार्षद बबलू हरपाल से जानकारी मिली कि एक बछड़ा खाली कुआं में गिरा है। इसकी जानकारी मिलते ही गौ सेवक पहुंचे। फिर गौ सेवकों ने नगर पालिका के जेसीबी के माध्यम से कुंआ में उतरे और फिर गौ माता के बच्चे को रस्सी में बांधकर जेसीबी के माध्यम से सुरक्षित ऊपर लाया गया। इस कार्य में नपाध्यक्ष निखिलकांत साहू एवं उपाध्यक्ष देवीचंद राठी का सहयोग मिला। इस दौरान सुमन संेद्रे सदस्य छग राज्य गौसेवक आयोग विख महासमुंद एवं जिला गौ रक्षा प्रमुख विश्व हिंदू परिषद बजरंग दल, तनुज कुमार, अरुण केशरवानी, अखिलेश साहू, डोमन यादव आदि उपस्थित रहे।

### आप का आंदोलन 4 को

**महासमुंद।** आप आदमी पार्टी के जिलाध्यक्ष राकेश झाबक ने बताया कि 4 नवंबर को प्रदेश स्तरीय एक दिवसीय आंदोलन जिलावार करना सुनिश्चित किया है। यह आंदोलन बढ़े हुए बिजली बिल व स्मार्ट मीटर को लेकर किया जाना है। यह आंदोलन प्रदेश के सभी जिला मुख्यालय में होगा।

### घोंच में निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर आज

**पिथौरा (ग्रामीण)।** विकासखंड के ग्राम घोंच स्थित प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में 30 अक्टूबर सुबह 10 बजे से निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया है। इस शिविर में क्षेत्र के ग्रामीणों को विभिन्न स्वास्थ्य सेवाएं निःशुल्क उपलब्ध कराई जाएंगी। शिविर में विशेषज्ञ चिकित्सकों की टीम द्वारा रक्तचाप, शुगर, हीमोग्लोबिन, नेत्र जांच सहित सामान्य बीमारियों की जांच की जाएगी। शिविर में गर्भवती महिलाओं, बच्चों तथा बुजुर्गों के लिए विशेष परामर्श की व्यवस्था की गई है। साथ ही जरूरतमंद मरीजों को आवश्यक दवाइयाँ भी निःशुल्क दी जाएंगी। स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों ने ग्रामीणों से अधिक से अधिक संख्या में शिविर में उपस्थित होकर स्वास्थ्य जांच का लाभ लेने की अपील की है।

# उदित होते भगवान सूर्य को अर्घ्य देकर महिलाओं ने पारण किया 36 घंटों का निर्जला व्रत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सरायपाली

आस्था के छठ महापर्व पर सोमवार शाम

- घाटों पर गूंजा सुन लो अरजिया हमार, हे छठी मैया

नगर में भोजपुरी और पूर्वांचल समाज के लोगों ने अस्त होते सूर्यदेव को अर्घ्य देकर पूजा शंकर मुंडा तालाब स्थल पर कमर तक पानी में खड़े व्रतधारी हाथ में पूजन सामग्री से सजी टोकरी और सूप लिए डूबने की ओर अग्रसर हो रहे सूर्यदेव को निहारकर मनुहार कर रही थी। सुन लो अरजिया हमार हे छठी मैय्या और उन्होंने यह भी प्रार्थना कि महिलाओं ने सूर्य देव से अपने बच्चों पर परिवार के सदस्यों के अच्छे स्वास्थ्य व दीर्घ आयु का आशीर्वाद मांगा।

इस दौरान छठ पूजन के दौरान भोजपुरी लोकगीत की गूंज जगमगाते दीप और पुष्पवर्षा हो रही थी। छठ पूजा महोत्सव पर घाटों में कमर तक पानी में खड़े होकर व्रतधारियों ने ओम सूर्याय नमः के जयघोष के साथ डूबते सूर्य को अर्घ्य दिया और आराधना की। मंगलवार को उगते हुए सूर्य को अर्घ्य देकर व्रत का समापन किया गया। पंडित योगेश महाराज ने बताया कि छठ महज एक धार्मिक अनुष्ठान नहीं, इसमें विज्ञान भी छिपा है। व्रत करने वाले शारीरिक और मानसिक रूप से इसके लिए तैयार होते हैं। छठ पूजा के दौरान इस्तेमाल की जाने वाली चीजें शरद ऋतु के अनुसार ही होती हैं। धार्मिक मान्यता के अनुसार इस दिन भक्त छठी मईया और भगवान सूर्य की पूजा-अर्चना और कठिन व्रत का पालन करते हैं। पर्व सूर्य देव को धन्यवाद देने और उनके प्रति कृतज्ञता प्रकट करने के लिए मनाया जाता है। लोग इस दौरान सूर्य देव की बहन छठी मईया की भी पूजा करते हैं। वहीं इस पावन पर्व को लेकर कई कथाएं भी प्रचलित हैं, जिनमें से एक का जिक्र आज हम करेंगे। पौराणिक कथाओं के अनुसार द्वापर युग में भगवान कृष्ण के पुत्र साम्ब कुष्ट रोग से पीड़ित थे,जिसके चलते मुरलीधर ने उन्हें सूर्य आराधना की सलाह दी। कालांतर में साम्ब ने सूर्य देव की विधिवत व सच्चे भाव से पूजा की। भगवान सूर्य की उपासना के फलस्वरूप साम्ब को कुष्ठ रोग से मुक्ति मिल गई।



### पारंपरिक श्रद्धा, आस्था एवं सांस्कृतिक गरिमा के साथ हुआ

छठ महापर्व का भव्य आयोजन पारंपरिक श्रद्धा, आस्था एवं सांस्कृतिक गरिमा के साथ हुआ। महापर्व छठ का तीसरा दिन ॰प्रथम अर्घ्य॰ के रूप में सायंकाल को डूबते सूर्य देव को समर्पित किया गया। इस अवसर पर श्रद्धालुओं ने व्रत तथा उपवास की पवित्र भावना के साथ समाज द्वारा निर्मित कुंड में खड़े होकर सूर्य देव को अर्घ्य अर्पित किया। बांस से बने सूप में नारियल, ठेकुआ, फल एवं अन्य पारंपरिक प्रसाद सामग्रियों को सजाकर छठ व्रतियों ने अस्ताचल गामी सूर्य को नमन किया। इस दौरान संध्या का वातावरण लोकगीतों, छठ आराधना और श्रद्धा के स्वर से गुंजायमान रहा। विकसित दीपों की पंक्तियों और रंगोलियों से सुसज्जित घाटों पर महिलाओं, पुरुषों और बच्चों ने एक साथ छठ माता माता की आराधना की, जिससे पूरा परिसर भक्तिमय बना रहा।

## मांग : पिथौरा क्षेत्र के अनेक गांवों के किसान पहुंचे एसडीएम दफ्तर

# एग्री-स्टैक पंजीयन नहीं होने से किसान परेशान, लगाई गुहार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पिथौरा (ग्रामीण)

एग्री-स्टैक पंजीयन प्रक्रिया में विलंब होने से क्षेत्र के किसान इन दिनों काफी परेशान हैं। बुधवार को ग्राम नारायणपुर, बिजेमाल, भैरोपुर और धुपेनडीह के किसानों ने पिथौरा एसडीएम बजरंग सिंह वर्मा से मुलाकात कर पंजीयन में अटके आवेदनों को शीघ्र स्वीकृत कराने की मांग की।

किसानों ने बताया कि वे पहले ही ऑनलाइन आवेदन कर चुके हैं, लेकिन तकनीकी खराबी के कारण उनका एग्री-स्टैक पंजीयन अब तक पेंडिंग स्थिति में है। ग्राम धुपेनडीह के किसान नरसिंह नायक ने कहा कि पंजीयन की अंतिम तिथि 31 अक्टूबर निर्धारित है, ऐसे में यदि आवेदन स्वीकृत नहीं हुआ तो उन्हें धान खरीदी केंद्रों में धान बेचने में परेशानी होगी। उन्होंने बताया कि कई दिनों से वे सरकारी दफ्तरों के चक्कर काट रहे हैं, लेकिन समस्या जस की तस बनी हुई है।

किसानों का कहना है कि एग्री-स्टैक पंजीयन नहीं होने से धान खरीदी की पूरी प्रक्रिया प्रभावित हो रही है। कई किसानों ने बीज, खाद और मजदूरी में पहले से ही भारी खर्च कर रखा है, लेकिन पंजीयन स्वीकृत न होने के कारण उन्हें यह डर सताने लगा है कि कहीं वे अपनी उपज बेच ही न पाएं।

किसानों का कहना है कि हर वर्ष किसी न किसी तकनीकी कारण से ऐसी समस्याएं सामने आती हैं, जिससे उन्हें दिक्कतों का सामना करना पड़ता है। ग्राम नारायणपुर के दुर्योधन पटेल, खुशीलाल पटेल, छबिलाल पटेल, ग्राम बिजेमाल के रविलाल रात्रे, संतराम नाग, नेपाल रात्रे, ग्राम भैरोपुर के जागेश्वर नायक, रेशम लाल पटेल, मोतीलाल पटेल, नरेश बरगे तथा ग्राम धुपेनडीह के नरसिंह नायक, प्रेमलाल नायक, दुतिका नायक ने संयुक्त रूप से एसडीएम को ज्ञापन सौंपा।




### किसानों को चिंता करने की आवश्यकता नहीं

इस संबंध में एसडीएम पिथौरा बजरंग सिंह वर्मा का कहना है कि क्षेत्र के किसान एग्री-स्टैक पंजीयन में पेंडिंग समस्या को लेकर आए थे। सभी छूटे हुए किसानों का पंजीयन 31 अक्टूबर से पहले अनिवार्य रूप से कर दिया जाएगा, किसानों को चिंता करने की आवश्यकता नहीं है।

## भाजपा ने नेता ने अमित बघेल की टिप्पणी की निंदा की



**महासमुंद।** शहर के वार्ड पार्षद एवं भाजपा नेता मनीष शर्मा ने प्रेस विज्ञप्ति जारी करते हुए अमित बघेल की टिप्पणी की निंदा करते जिन्होंने पंडित दीनदयाल उपाध्याय और श्यामा प्रसाद मुखर्जी एवं अग्रसेन जैसे महान व्यक्तित्वों के बारे में अपमानजनक शब्दों का प्रयोग किया है, ऐसे शब्दों का प्रयोग निंदनीय है और समाज में वैमनस्यता फैलाने वाला है। महापुरुषों का सम्मान करना हमारा कर्तव्य है, और उनके प्रति अपमानजनक भाषा का प्रयोग किसी भी सूरत में स्वीकार्य नहीं है। यह बेहद जरूरी है कि ऐसे व्यक्तियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाए, जो समाज में विभाजन और नफरत फैलाने का काम करते हैं। छत्तीसगढ़ की महतारी माता की मूर्ति का अपमान करना गलत है, लेकिन इसका यह मतलब नहीं है कि हम दूसरे महापुरुषों के प्रति अपमानजनक भाषा का प्रयोग करें। अमित बघेल के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग भाजपा नेता ने की है।

## बिंद्रावन में भालुओं का झुंड दिखने से ग्रामीणों में दहशत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नर्रा



कोमाखान समीपस्थ ग्राम बिंद्रावन में बीती रात मंगलवार को भालू के दस्तक देने से ग्रामीण भयभीत है। गांव के ही आम बगीचा में भालुओं का डेरा है, इससे ग्रामीणों में दहशत है। ग्रामीण मुकेश पांडे ने बताया कि मंगलवार की रात भालू गांव के गली में विचरण कर रहा था। घरों में घुसकर तेल पीने की खबर है। वही दिन में ग्रामीणों ने देखा कि भालू गांव से लगे आम बगीचे में चहलकदमी व खेलते रहे। बता दें कि कोमाखान तहसील से लगे ग्राम दरबेकेरा, अमेरा, उखरा गांव के बाद अब बिंद्रावन में भालुओं की झुंड से ग्रामीणों में दहशत का माहौल है। अभी वर्तमान में धान कटाई का कार्य चल रहा है। लेकिन, भालू के आने से ग्रामीणों का खेत जाना मुश्किल हो गया है।

KALDA HOSPITAL
कालड़ा हॉस्पीटल
यूनिट ऑफ कालड़ा बर्न एवं प्लास्टिक सर्जरी सेंटर
• प्लास्टिक सर्जरी एवं बर्न केयर
• कटे होंठ एवं तालु का ईलाज
• कॉस्मेटिक सर्जरी
• हेयर ट्रांसप्लांट
• लाइपोसक्शन
• अंगों का प्रत्यारोपण
पचपेढ़ी नाका, धमतरी रोड
कलर्स माल के पास, रायपुर
Mobile 9827143060
Ajay Advt.

ओम हॉस्पिटल
प्लास्टिक एवं कॉस्मेटिक विभाग
• जलने के बाद की प्लास्टिक सर्जरी (Contractures)
• दुर्घटना मे कटे अंग तंतु और खून की नसों को जोड़ना
• कास्मेटिक सर्जरी • स्तनों की सर्जरी (Implant)
• मोटापे का ईलाज (लाइपोसक्शन)
• कटे होंठ एवं तालु का ईलाज • गंजेपन का स्थायी इलाज
• चेहरे के फ्रैक्चर का ईलाज (Maxillofacial Surgery)
• मुँह के कैंसर की प्लास्टिक सर्जरी
• कान बनाना, नाक बनाना, (अविकसित एवं चोट ग्रस्त)
• Hypospadias, Vaginoplasty, गुप्त स्थानों की सर्जरी
BSKY, ESIC, CSES, TPA एवं INSURANCE से फ्री में ईलाज
एच.पी.पेट्रोल पंप के पास, महादेवघाट रोड, रायपुरा चौक, रायपुर (छ.ग.), मो. 8370008551
खरोरा रोड, तिल्दा (छ.ग.), मो. 9302734809
स्व.राजा वीरेंद्र सिंह शासकीय महाविद्यालय के पास, एनएच रोड, सरायपाली (छ.ग.), मो.8370008558
प्रताप देव वार्ड नं. 11, हटा गांधी मैदान के सामने जगदलपुर (छ.ग.), मो. 9131753200
#Rajesh

# सोहागपुर में सीसी रोड निर्माण कार्य का किया गया भूमिपूजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बागबाहरा

छत्तीसगढ़ के विभिन्न क्षेत्रों में सेवा और सुशासन के उपक्रम में बीजेपी की साय सरकार के नेतृत्व में जनता की मूलभूत सुविधाओं एवं मांगों के विकास कार्यों में तेजी से क्रियान्वयन हो रहा है। इसी तारतम्य में खल्लारी विधानसभा क्षेत्र के ग्राम सोहागपुर में सीसी रोड निर्माण कार्य का भूमिपूजन किया गया। इस अवसर पर महासमुंद जिला पंचायत उपाध्यक्ष भीखम सिंह ठाकुर के मुख्य आतिथ्य में तथा भूमिपूजन कार्यक्रम में पहुंचे क्षेत्र के जनप्रतिनिधि पंच सरपंच एवं ग्रामवासियों की उपस्थिति में विधिवत पूजन-अर्चन कर भूमिपूजन का कार्य किया गया। इस अवसर पर जिला पंचायत उपाध्यक्ष भीखम सिंह ठाकुर ने उपस्थित क्षेत्रवासियों को दीपावली पर्व मातर महोत्सव एवं सीसी रोड निर्माण कार्य की बधाई व शुभकामनाएं दी तथा निर्माण कार्य में स्वीकृति के लिए मुख्यमंत्री का आभार जताया। भूमिपूजन कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जिला पंचायत उपाध्यक्ष भीखम सिंह ठाकुर सहित विशिष्ट अतिथि तुकेराम दीवान सरपंच ग्राम पंचायत टेढ़ीनारा,ललित बया सरपंच ग्राम पंचायत सिमगांव, रूपेश साहू भाजपा मंडल अध्यक्ष बागबाहरा ग्रामीण, धनीराम मरकाम जनपद सदस्य, गोयल चंद्राकर सरपंच ग्राम पंचायत गांजर, डोमन दीवान, रवि चंद्राकर, पंचगणः घनश्याम दीवान, अनिल दीवान, उभेलाल दीवान, नीरा मानिकपुरी, प्रीतम दीवान, सचिन ठाकुर, संतोष दीवान, डोमन साहू, मूलचंद साहू, गोवर्धन साहू, भरोसा दीवान, भूषण दीवान, मालिकराम दीवान, केजुराम दीवान, श्यामलाल साहू, ओमप्रकाश ध्रुव, बहुर देशकर एवं ग्राम सोहागपुर के गणमान्यजन उपस्थित रहे।



## सांस्कृतिक कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य मनोरंजन शिक्षा और अपनी संस्कृति से जुड़ना : तुषार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

ग्राम अछोला में ठेठवार समाज के तत्वावधान में आयोजित सांस्कृतिक कार्यक्रम में भाजपा किसान नेता अशवंत तुषार साहू शामिल हुए। आयोजन समिति व रानू यादव के तत्वावधान में आतिशबाजी व फूल माला पहनकर तुषार साहू का भव्य स्वागत किया गया। अपने उद्बोधन में तुषार ने कहा, सांस्कृतिक कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य मनोरंजन, शिक्षा और अपनी संस्कृति से जुड़ना है। ये कार्यक्रम विभिन्न कलाओं का प्रदर्शन करके लोगों को अपनी पहचान से जुड़ने, सांस्कृतिक विविधता का जश्न मनाने और समुदाय में एकता बढ़ाने में मदद करते हैं। इसके अतिरिक्त, ये प्रतिभाशाली कलाकारों को मंच प्रदान करते हैं, सामाजिक मुद्दों के बारे में जागरूकता बढ़ाते हैं और विभिन्न संस्कृतियों के बीच आपसी समझ और संवाद को बढ़ावा देते हैं। इस अवसर पर ठेठवार समाज के अध्यक्ष रानू यादव, भावेश यादव, हेमलाल यादव, संतोष यादव, चेतन यादव मौजूद रहे।



## बागबाहरा विकासखंड में नेत्र संबंधी सभी रोगों की जांच व उपचार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नर्रा

छत्तीसगढ़ स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग द्वारा चलाए जाने वाला संपूर्ण नेत्र सुरक्षा कार्यक्रम एक सप्ताह के लिए 24 से 30 अक्टूबर 2025 तक चलाया जा रहा है। जिसमें प्रदेश के सभी जिलों में एक विकासखंड का चयन कर नेत्र संबंधी रोगों का जांच एवं उपचार किया जा रहा है।

इसी कड़ी में सीएमएचओ डॉ आई नागेश्वर राव के मार्गदर्शन में जिले के बागबाहरा विकासखंड का चयन इस बार किया गया है, जिसके लिए पूरे जिले के नेत्र सहायक अधिकारियों का ड्यूटी बागबाहरा ब्लॉक में लगाया गया है। खंड चिकित्सा अधिकारी डॉ बीएस बढ़ई, खंड कार्यक्रम प्रबंधक हेमकुमार सोनकर, खंड विस्तार एवं प्रशिक्षण अधिकारी एम चौधरी के मार्गदर्शन में ब्लॉक बागबाहरा में नेत्र सुरक्षा कार्यक्रम चलाया जा रहा है। इस दौरान दृष्टिहीनता का सर्वेक्षण पंजीयन, एक आंख, दोनों आंख, कारण का पता लगाना और मोतियाबिंद के मरीजों की खोज व पंजीयन, परीक्षण, उपचार, ऑपरेशन, करवाना काचियाबिंद पंजीयन, परीक्षण, उपचार, नेत्रदान घोषणा पत्र, लोगों को नेत्रदान करने के लिए प्रेरित करना जागरूक करना, दृष्टिदोष के लोगों को उपचार कर, निःशुल्क चश्मा वितरण, रेटिनोपैथी डायबिटीज या हाइपरटेंशन के मरीजों को आँखों की पर्दे की जांच के लिए रेफर करना, स्वास्थ्य शिक्षा नेत्र विकार, कारण बचाव व उपचार के बारे में लोगों को बताना इस कार्यक्रम में शामिल है। उक्त कार्यक्रम में सेक्टर पर्यवेक्षक, सीएचओ आरएचओ, मितानिन, मितानिन प्रशिक्षक सबका सहयोग मिल रहा है।



एजेन्सी देना है...
हरिभूमि समाचार पत्र की सरायपाली
ग्रामीण क्षेत्र के अंतर्गत लंबर, सिंघोड़ा, छुईपाली, बलौदा, केदुवां, नवागढ़, पालीडीह, तोरेसिंहा, तोषगांव, सिंघनपुर, सागरपाली तथा आसपास के खाली क्षेत्र में एजेंसी देना है।
समाचार लिखने, विज्ञापन एवं प्रसार में लक्ष्य प्राप्त करने वाले व्यक्ति को प्राथमिकता।
सुरक्षा राशि जमा करने में सक्षम व्यक्ति संपर्क करें।
हरिभूमि अभिकर्ता सरायपाली
सुरेश कुमार गुप्ता
बस स्टैण्ड के पास, भारत वॉच सरायपाली
मो.7354219999
हरिभूमि कार्यालय, रायपुर
धमतरी रोड, रायपुर (छ.ग.)
मो. 9098324969

# साइबर जनजागरुकता अभियान, छात्रों को दी गई ऑनलाइन सुरक्षा की जानकारी

## खल्लारी पुलिस ने मंगल भवन परिसर में किया साइबर जनजागरुकता अभियान का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| खल्लारी

खल्लारी पुलिस ने स्थानीय मंगल भवन परिसर में साइबर जनजागरुकता अभियान का आयोजन किया। कार्यक्रम में छात्र-छात्राएँ, शिक्षक, खिलाड़ी एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। इस अभियान का उद्देश्य बढ़ते साइबर अपराधों के प्रति लोगों को जागरूक करना एवं डिजिटल सुरक्षा के प्रति संवेदनशील बनाना था।

अभियान के दौरान खल्लारी थाना प्रभारी शैलेंद्र नाग ने उपस्थित लोगों को ऑनलाइन ठगी, फेक कॉल, फिशिंग, सोशल मीडिया हैकिंग, ओटीपी फ्रॉड, बैंकिंग फ्रॉड और डिजिटल लेनदेन में बरती जाने वाली सावधानियों की विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने बताया कि आज के डिजिटल युग में साइबर अपराधी विभिन्न प्रकार के झांसे देकर लोगों से आर्थिक ठगी करते हैं, अतः आवश्यक है कि हर नागरिक सतर्क रहे और किसी भी संदिग्ध लिंक, कॉल या वेबसाइट पर अपनी व्यक्तिगत जानकारी साझा न करें। इस अवसर पर उपस्थित युवा स्वयंसेवक कुबेर यदु ने भी विद्यार्थियों, खिलाड़ियों एवं गणमान्य नागरिकों को संबोधित करते हुए कहा कि आज के दौर में डिजिटल प्लेटफॉर्म हमारे जीवन का अभिन्न हिस्सा बन चुके हैं, लेकिन इनका उपयोग सोच-समझकर और जिम्मेदारीपूर्वक करना जरूरी है। उन्होंने कहा कि साइबर अपराधों से बचाव के लिए सबसे पहला कदम जागरूकता है। उन्होंने उपस्थित जनों से अपील की कि वे खुद सतर्क रहें और अपने आस-पास के लोगों को भी साइबर सुरक्षा के प्रति जागरूक करें। यदु ने कहा कि सावधानी ही सुरक्षा है। छोटी-छोटी सतर्कताएं बड़े नुकसान से बचा सकती हैं। उन्होंने विद्यार्थियों से आग्रह किया कि वे सोशल मीडिया का सदुपयोग करें, किसी भी फेक लिंक या अज्ञात मैसेज पर क्लिक न करें, और यदि कोई संदिग्ध गतिविधि दिखाई दे तो तुरंत अपने अभिभावक या पुलिस को सूचित करें। कार्यक्रम में स्थानीय नागरिकों ने खल्लारी पुलिस विभाग के इस जनहितकारी एवं शिक्षाप्रद अभियान की सराहना की। सभी ने साइबर अपराधों से मुक्त, सुरक्षित एवं जागरूक समाज के निर्माण के लिए मिलकर कार्य करने का संकल्प लिया।




